CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 23°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 17 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 215 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' पर वीडियो किया जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर 'लापता वोट' लिखकर एक वीडियो शेयर किया। हालांकि, इसमें चुनाव आयोग का जिक्र नहीं किया।

उन्होंने लिखा कि चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है। इसके बाद कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि आपके वोट की चोरी, अधिकारों की चोरी है। आइए हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं। वीडियो में एक व्यक्ति पुलिस थाने पहुंचता है। खर्राटे ले रहे पुलिसकर्मी से बोलता है। साहब...साहब मुझे रिपोर्ट लिखाना है। पुलिसकर्मी कहता है कि अबे यहां रिपोर्ट नहीं लिखाएगा, तो क्या करेगा। तब वह व्यक्ति कहता है कि मुझे चोरी की रिपोर्ट लिखानी है। पुलिसकर्मी कहता है, अबे क्या चोरी हो गया। व्यक्ति कहता है कि साहब..साहब वोट चोरी हो गया है। उसका वोट चुरा लिया गया है। वह अधिकारियों से कहता है कि लाखों वोट चुराए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है। यह एक मिनट लंबा वीडियो है। एक व्यक्ति जब वोट चोरी की रिपोर्ट लिखाने आता है, तो इंस्पेक्टर चौंक कर उठ जाता है। व्यक्ति कहता है कि मेरा वोट नहीं बल्कि लाखों लोगों का वोट चोरी हुआ है।

**एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा, लिखा- चोरी चोरी, चुपके चुपके, अब और नहीं, जनता जाग गई**



## किश्तवाड़ में अब तक 65 शव बरामद

**500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए, 200 अभी लापता**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू का शनिवार को तीसरा दिन था। 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इस कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 40 शवों की पहचान की जा चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। 75 लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। रेस्क्यू में एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना (300+ जवान), व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला शनिवार को चसोटी पहुंचे। उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात की।

**मिरगी**
**घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं**

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

**मिरगी के लक्षण**
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

**मिलने का पता**
**मार्शल चिकित्सा केन्द्र**
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## पुतिन संग ट्रम्प की तीन घंटे चली बैठक, बेनतीजा

### दोनों नेताओं के बीच नहीं हुई कोई डील, 12 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हुए रवाना

वाशिंगटन, वार्ता



- पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया, ट्रम्प ने बैठक को 10 में से 10 अंक दिए
- रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा : उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी

**रूसी राष्ट्रपति** पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा। ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। पुतिन ने कहा उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मास्को में करने का सुझाव दिया।

### भारत ने कहा: बातचीत से ही समाधान संभव

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में शिखर बैठक के दौरान रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम से संबंधित बातचीत में हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा है कि केवल संवाद और कूटनीति से ही समाधान संभव है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर सिंह जायसवाल ने शनिवार को कहा कि भारत अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता का स्वागत करता है। शांति की दिशा में उनका नेतृत्व अत्यंत सराहनीय है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत में प्रगति से यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष के शीघ्र समाधान की उम्मीद जताते हुए प्रवक्ता ने कहा कि भारत शिखर वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है।

## NCERT सिलेबस का नया कंटेंट बना भारत विभाजन

नई दिल्ली, वार्ता

**कांग्रेस, जिन्ना और माउंटबेटन को दोषी बताया, कंटेंट रेगुलर सिलेबस का हिस्सा नहीं**

**एनसीईआरटी ने** क्लास 6 से 8 और 9 से 12 के लिए 2 नए मॉड्यूल जारी किए हैं। नियमित किताबों से अलग ये मॉड्यूल्स देश के बंटवारे की विभीषिका पर आधारित हैं। इसमें मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस पार्टी और लार्ड माउंटबेटन को बंटवारे का दोषी बताया गया है।

मॉड्यूल बताता है कि जिन्ना ने बंटवारे की मांग की, कांग्रेस ने इसे स्वीकार कर लिया और माउंटबेटन ने इसे लागू कर दिया। ये जानकारी विभाजन के दोषी टॉपिक में जोड़ी गई है। मॉड्यूल में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक भाषण का अंश भी शामिल किया गया है। नेहरू ने कहा था कि हम एक ऐसी स्थिति पर आ गए हैं, जहां हमें या तो विभाजन को स्वीकार -शेष पृष्ठ दो पर

### हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने कराया विभाजन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश विभाजन के बारे में राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित 'विभाजन के दोषी' शीर्षक मॉडयूल पर सवाल उठाते हुए कहा है कि देश के बंटवारे के लिए हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की 'जुगलबंदी' जिम्मेदार है और इतिहास का सबसे बड़ा खलनायक आरएसएस है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में एनसीईआरटी के -शेष पृष्ठ दो पर




with you hamesha | xmart by mahindra

To book online visit auto.mahindra.com.

**A2Z AUTOWHEELS PVT. LTD.** — MUZAFFARNAGAR 7617595008, 8392954021; SHAMLI 7617595008
**SHREE SHYAM JI AUTOMOTIVE** — MEERUT 7428594673, 7302255500; BAGHPAT 7428594673
**JAI KUMAR ARUN KUMAR PVT. LTD.** — MEERUT 9711831908, 8929469900; MAWANA 9711831908; SARDHANA 9711831908
**SHIVA AUTO CORP** — BULANDSHAHAR 7617595010, 8929088709
**TIRUPATI VEHICLES PVT. LTD.** — BIJNOR 7617595014; SAHARANPUR 7617595014; GAJRAULA 7617595014; DHAMPUR 7617595014; DEOBAND 7617595014; GANGOH 7617595014

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और कोच सिम्पसन का निधन

**मेलबर्न।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और कोच बॉब सिम्पसन का शनिवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में एक प्रभावशाली व्यक्ति सिम्पसन ने अपने देश के लिए 62 टेस्ट खेले और टीम के पहले पूर्णकालिक कोच के रूप में, एलन बॉर्डर और मार्क टेलर के कप्तानी कार्यकाल के दौरान 1980 और 1990 के दशक के अंत में टीम को उभरने में मदद की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड ने कहा कि बॉब सिम्पसन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक थे और यह उन सभी के लिए दुखद दिन है, जिन्होंने उन्हें खेलते हुए देखा है या जिन्होंने उनके कोचिंग कार्यकाल के दौरान उनसे कुछ सीखा है।

### जीएसटी को सरल बनाने पर हो चर्चा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में निजी निवेश और निजी खपत कमजोर रहने से अर्थव्यवस्था की गति तेज नहीं हो सकती, इसलिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार कर उसे सरल तथा सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यम (एसएमएसई) के अनुरूप बनाया जाना चाहिए, इसलिए इस पर व्यापक चर्चा जरूरी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक वक्तव्य में कहा कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जीएसटी में सुधार उनके घोषणा पत्र का हिस्सा रहा है और आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लाल किला की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए इसकी याद आयी। यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। पिछले डेढ़ साल से भी अधिक समय से कांग्रेस बुनियादी रूप से परिवर्तित जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है।

# मातृ शक्ति को सम्मान दे रही डबल इंजन सरकार: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार मातृ शक्ति के सम्मान में कई कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा की पीएम मोदी की प्रेरणा से कामकाजी महिलाओं के लिए श्रमजीवी छात्रावासों का निर्माण करवा रही है। ये छात्रावास महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। मातृ शक्ति के प्रति सम्मान को लेकर यूपी सरकार कदम उठा रही है। कई तरह के रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। योगी ने कहा कि अवंतीबाई लोधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने भारत की आज़ादी के लिए उस समय की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए नेतृत्व किया था। उनका बलिदान हर भारतवासी के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि बदायूं में एक

**■ महिलाओं के लिए बनवा रहे श्रमजीवी छात्रावास**

नई महिला पीएसी बटालियन का गठन किया है। एक प्रतिमा की स्थापना भी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए केंद्र की बीजेपी सरकार और राज्य सरकार मिलकर काम कर रहे हैं। तीन नई महिला बटालियन का गठन वीरांगनाओं के नाम पर किया गया है। कार्यक्रम में शरीक होने से पहले सीएम योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि स्वाधीनता संग्राम सेनानी, साहस व शौर्य की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि! उन्होंने लिखा-आपका क्रांतिकारी संघर्ष, मातृभूमि के प्रति निष्ठा एवं बलिदान हमारी और आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे।

### राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे अटल: सीएम

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अटल वाकई में राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे। मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को लोकभवन में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद थे। इस दौरान योगी ने पूर्व पीएम को याद करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धेय अटल जी की छह दशकों की राजनीतिक यात्रा पूरी भारतीय राजनीति को एक नई दिशा देती है। योगी ने कहा कि उनकी पावन स्मृतियों को नमन। जननायक, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, राष्ट्रधर्म के निर्भीक प्रहरी, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि वे भारतीय राजनीति में शुचिता के शिल्पकार, संवाद में सौम्यता तथा संयम के स्वर, राष्ट्रनीति में नैतिकता और राष्ट्रधर्म के ध्वजवाहक थे। श्रद्धेय अटल जी सच्चे अर्थों में राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे। गौरतलब है कि इससे पहले उन्होंने शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार मातृ शक्ति के सम्मान में कई कदम उठा रही है।

# कांग्रेस ने भाजपा को मतदाता संघ व उपराष्ट्रपति चुनाव पर घेरा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी को मतदाता सूची, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उपराष्ट्रपति चुनाव पर घेरते हुए कहा कि उनकी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जब-जब यात्रा शुरू की लोकतंत्र ने करवट ली है और इस बार बिहार में वोटर अधिकार यात्रा शुरू की जा रही है, इसलिए वहां बदलाव आएगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने मतदाता सूची मामले में भाजपा को घेरते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय स्वयं संघ (आरएसएस) का नाम लेने पर, उपराष्ट्रपति चुनाव और पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के गायब होने को लेकर भी घेरा। खेड़ा ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की आधिकारिक जानकारी देते हुए कहा कि गांधी की वोटर अधिकार यात्रा रविवार से बिहार की सासाराम में शुरू हो रही है, जो 16 दिन में 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। उनका कहना था कि यह बिहार में परिवर्तन की यात्रा होगी। उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया और यह यात्रा बिहार में बदलाव लाने वाली यात्रा साबित होगी। उन्होंने कहा कि जब भी राहुल गांधी जी यात्रा के लिए निकले हैं, इस देश के लोकतंत्र ने करवट ली है।

# गणशेखरन ने जीता डब्ल्यूटेटे फीडर विएंतियाने पुरुष एकल का खिताब

**विएंतियाने।** भारत के सत्यन गणशेखरन ने डब्ल्यूटेटे फीडर विएंतियाने 2025 टेबल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मुक. ाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता।

लाओस के आईटीईसीसी मॉल में शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ने फाइनल में जापान के विश्व नंबर 95 रयोइची योशियामा को 3-0 (11-4, 11-6, 12-10) से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 25 मिनट तक चला। टूर्नामेंट की शुरुआत में दूसरे वरीयता प्राप्त जी- सत्यन ने पहले राउंड में लाओस के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी अनाने वोंगसा को 3-0 (11-5, 11-4, 11-7) से हराया। इसके बाद उन्होंने सिंगा. पुर के ली एल्सवर्थ को 3-1 (3-11, 11-2, 11-7, 11-7) और हमवतन अक्ष पॉल को कड़े मुकाबले में 3-2 (11-9, 11-4, 4-11, 10-12, 11-8) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में सत्यन ने हांगकांग के क्वान टो यिउ को 3-0 (11-3, 11-5, 12-10) से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने प्री-क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के यिक मैन पाउ और चुन कित चोय को 3-2 (14-12, 10-21, 11-5, 6-11, 11-6) से हराया। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने सऊदी अरब के ओलंपियन अली अलखद्रावी और अब्दुलअजीज बु शुलैबी को 3-2 (8-11, 11-9, 11-5, 8-11, 11-7) से मात दी। वहीं सेमीफाइनल में उन्हें हांगकांग के मैन हो क्वान और हॉन मिंग ली को मात दी।

## यूपी के 20 जिलों में बाढ़: फर्रुखाबाद में गर्भवती ने नाव पर तोड़ा दम

# बाढ़ का पानी गांवों में घुसा, आमजन बेहाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में गंगा और यमुना समेत कई नदियों के उफान से 20 जिलों में हालात खराब हो गए हैं। कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं और बाढ़ का पानी गांवों में घुस गया है। फर्रुखाबाद जिले में बाढ़ से 3 तहसीलों के करीब 50 गांव प्रभावित हैं. यहां एनडीआरएफ और फ्लैट पीएससी की टीमें तैनात हैं। प्रशासन लगातार जल स्तर पर नजर बनाए हुए हैं। बाढ़ में कई बीघा फसल डूब चुकी हैं, आम जनजीवन बेहाल है। इसके अलावा लखीमपुर खीरी में बाढ़ का प्रकोप जारी है। बीते दिन एक मंदिर शारदा नदी के कटाव में समा गया।



पीलीभीत की देवहा नदी में 51000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नदी उफान पर है। निचले इलाकों में आंशिक रूप से जलभराव के मामले बीच सामने आ रहे हैं। नदी में लगातार बढ़ता जलस्तर देखकर प्रशासनिक टीम अलर्ट मोड पर हैं। निचले इलाकों में जाकर लोगों को अनाउंसमेंट कर जागरूक किया जा रहा है। लोगों को सतर्क रहने के साथ-साथ ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। दरअसल पीलीभीत शहर के करीब से होकर गुजरने वाली देवहा नदी में 40000 क्यूसेक से ऊपर पानी जब भी छोड़ जाता है, तब यह नदी उफान पर आ जाती है। पीलीभीत के हजारा थाना क्षेत्र में बहने वाली शारदा नदी में भी पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश का असर देखा जा रहा है। इस नदी में भी 2 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है, जिसके कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी ने कटान कर अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। नदी किनारे बसे राहुल नगर कबीरगंज समेत कई गांव के लोग लगातार हो रहे कटान को देखकर भयभीत हैं।

### आज वेस्ट यूपी में भारी वर्षा की चेतावनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भारतीय मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ केंद्र ने आज रविवार 17 अगस्त के लिए राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इस पूर्वानुमान के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे खराब मौसम के दौरान सुरक्षित रहें और वज्रपात की घटनाओं से बचने के लिए एहतियात बरतें। मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, हापुड़ और रामपुर के आसपास के इलाकों में भारी बारिश का अनुमान जताया है, जबकि सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, आगरा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं और ललितपुर के आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है।



सेंसेक्स 80539.91
निफ्टी 24619.35



सोना रु. 100023
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114933
प्रति किलो



# भारत को अमेरिका के जवाब में करने चाहिए बाजार विविधीकरण के समझौते: विश्लेषक

**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का कहना है कि भारत को हिंद महासागर तटीय एसोसिएशन के देशों के साथ अपनी मजबूत पहल पर आधारित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने का साहिक कदम उठाना चाहिए और 'क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी' (आरसीईपी) तथा 'प्रशांतपारीय भागीदारी के लिए व्यापक एवं प्रगतिशील समझौते' (सीपीटीपीपी) जैसे प्रमुख क्षेत्रीय व्यापार समूहों की सदस्यता प्राप्त करनी चाहिए।

विश्लेषकों की राय है कि इससे न केवल भारत का व्यापारिक दायरा बढ़ेगा, बल्कि ष्रणनीतिक स्वायत्तताष के प्रति देश की स्पष्ट प्रतिबद्धता का भी संदेश जाएगा, जिससे भारत अपनी शर्तों पर बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों को संभाल सकेगा। यह विचार ऐसे समय में आया है, जब

**■ भारत अपनी शर्तों पर बदलते भूराजनीतिक समीकरणों को संभाल सकेगा**

भारत पर अमेरिका ने सात अगस्त से 25 प्रतिशत आयात शुल्क और रूसी तेल खरीदने के कारण 27 अगस्त से प्रभावी 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ यूक्रेन में शांति के मुद्दे पर बैठक की। ट्रम्प ने बातचीत से पहले कहा कि उन्होंने (रूस ने) अपने तेल ग्राहक भारत को खो दिया है, जो (उसका) 40 प्रतिशत तेल खरीद रहा था। चीन (अब भी) बहुत अधिक खरीद कर रहा है। अगर मैंने (भारत पर) पहले के बाद दूसरा शुल्क लगाया तो यह विनाशकारी होगा, लेकिन यदि मुझे लगाना पड़ा, तो मैं लगाऊंगा, शायद मुझे लगाना ही न पड़े। भारत के पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत ने व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत के बीच अमेरिकी शुल्कों को 'पूरी तरह अनुचित, बेतुके और अतार्किक' बताया। रूसी तेल का बहाना बिल्कुल चलने लायक नहीं है। यूरोपीय संघ, चीन और यहां तक कि अमेरिका भी रूसी युद्ध मशीनरी में धन का ईंधन डाल रहे हैं। अपने हित के लिए ये सभी देश रूस से गैस और दुर्लभ मृदाओं का आयात बढ़ा रहे हैं। रूसी कच्चे तेल के व्यापार पर 'प्रतिबंध नहीं है', केवल कीमतों पर अधिकतम सीमा लगाई गई है और अमेरिका ने बार-बार स्वीकार किया है कि भारत की खरीद ने वैश्विक तेल बाजारों को स्थिर करने में मदद की है, साथ ही यूरोप और अमे. रिका को परिष्कृत उत्पादों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की है।

### इस सप्ताह 919 सस्ता हुआ सोना चांदी की कीमत 201 बढ़ी

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह सोने के दाम में गिरावट रही, जबकि चांदी महंगी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार इस हफ्ते के कारोबार के बाद 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 919 रुपए घटकर 1,00,023 रुपए पर पहुंच गया। पिछले हफ्ते के आखिरी दिन शुक्रवार को यह 1,00,942 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत हफ्तेभर में 201 रुपए बढ़कर 1,14,933 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। आबुजेए के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 74 रुपए कम होकर 1,00,023 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमत शनिवार को 342 रुपए कम होकर 1,14,933 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही।

# यूपी में सालाना फास्टैग की सुविधा शुरू 3000 देकर 200 बार पार कर सकेंगे टोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सालाना फास्टैग की सुविधा 15 अगस्त की आधी रात से शुरू हो गई है। वार्षिक फास्टैग से एक साल में 200 बार टोल प्लाजा से निकला जा सकता है। यदि 365 दिन से पहले 200 बार टोल पार कर लिया, तो फास्टैग को दोबारा रिचार्ज कराना पड़ेगा। यह सुविधा निजी चार पहिया वाहनों को ही मिलेगी।

टोलप्लाजा कर्मियों को इसका प्रशिक्षण भी दिया गया। लखनऊ शहर के आसपास के टोल से औसतन 15000 कारें, जीप, वैन निकलती हैं। इनमें से लगभग एक हजार चार पहिया वाहन टैक्सी कोटे के और शेष निजी वाहन होते हैं। कमोबेश इतने ही इन श्रेणियों के निजी वाहन कानपुर -प्रयागराज राजमार्ग, कानपुर-सागर राजमार्ग, कानपुर-लखनऊ राजमार्ग से निकलते हैं। चेचिस



नंबर से फास्टैग बनवाने वालों को गाड़ी नंबर दर्ज कराना अनिवार्य होगा। जिनमें यह नंबर नहीं है, उन्हें वार्षिक फास्टैग की सुविधा नहीं मिलेगी। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव ने बताया कि निजी वाहन मालिक राजमार्ग यात्र एप से अभी वार्षिक फास्टैग की प्री बुकिंग करा सकेंगे। उनके फास्टैग 15 अगस्त को रात 12 बजते ही एक्टिवेट हो गया। एक बार टोल प्लाजा क्रॉस करते ही वाहन मालिक के पास इसका मैसेज और शेष सुविधा की जानकारी एसएमएस से मिल जाएगी। वार्षिक फास्टैग निजी वाहन की विंड शील्ड पर चिपकाना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।




## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### NCERT सिलेबस

करना होगा या निरंतर संघर्ष और अराजकता का सामना करना होगा। मॉड्यूल के अनुसार, 1947 और 1950 के बीच, विभाजन ने भारत की एकता को खंडित किया, शत्रुतापूर्ण सीमाएं बनाईं, सामूहिक हत्याएं और विस्थापन को बढ़ावा दिया। सांप्रदायिक अविश्वास को गहरा किया। पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्थाओं को तबाह कर दिया। जम्मू-कश्मीर को सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या के तौर पर पतन के रास्ते पर डाल दिया। यह बाद में आतंकवाद के कारण और भी बदतर हो गया। एनसीईआरटीके स्पेशल मॉड्यूल कोर्स का हिस्सा नहीं होते, ये सप्लीमेंट्री मटेरियल होता है, जो कोई खास टॉपिक बच्चों को समझाने के लिए तैयार किया जाता है। इसे पोस्टर्स, चर्चाओं और वाद-विवाद के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को भी स्पेशल मॉड्यूल में जोड़ा गया था। स्पेशल मॉड्यूल की प्रस्तावना में पीएम नरेंद्र मोदी के शब्दों को भी शामिल किया गया है। मोदी ने कहा था कि बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमारी लाखों बहनें और भाई विस्थापित हो गए और लोगों की नासमझी और नफरती हिंसा के कारण कई जानें गईं। संघर्षों और बलिदान की याद में हमारे लोग 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएंगे। हाल ही में एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नई व्याख्या की गई है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी। किताब में बनारस, मथुरा और सोमनाथ में मंदिरों को तोड़ने और जैन, सिख, सूफी और पारसी समुदायों पर अत्याचार की घटनाओं का भी जिक्र है। इस बारे में एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने कहा कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता, लेकिन आज किसी को उनके लिए दोषी ठहराना गलत होगा। सत्ता की लालसा, अत्याचार या गलत महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत को समझना ही ऐसा भविष्य बनाने का सही तरीका है, जहां ये घटनाएं दोबारा न हों।

**कांग्रेस ने कहा:**

14 अगस्त को जारी उस मॉड्यूल पर कहा कि इसमें 1938 की तारीख का जिक्र है या नहीं है। बंटवारे के इतिहास में 1938 बहुत महत्वपूर्ण तारीख है। इस वर्ष गुजरात में साबरमती के किनारे हिंदू महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था, जिसमें ये स्पष्ट तौर से कहा गया था कि हिंदू और मुसलमान एक देश में नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि 1940, क्या यह है मॉड्यूल में। 1940 में इस जुगलबंदी को आगे बढ़ते हुए मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में जिन्ना ने यही बात दोहराई थी। श्री खेड़ा ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं, 'इसमें) 1942 की भी ये तारीख भी नहीं लिखी होगी, जब हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की मिलीजुली सरकार बनी थी। उस समय कांग्रेस ने तमाम प्रांतीय विधानसभाओं से इस्तीफा देकर सड़क पर उतरने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया था। उस वक्त हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने गठजोड़ किया, गठबंधन किया, सरकारें बनाई एनडब्ल्यूएफपी में, बंगाल में, सिंध में और सिध की विधानसभा में विभाजन का प्रस्ताव पारित हुआ था। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उस समय गठबंधन की सरकार थी हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की थी।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं















सूचना
मैने अपने पुत्र दानिश को गलत संगत में पडने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।
शाहिद पुत्र दिलशाद खान निवासी राजपूत कालोनी, थाना मण्डी, जिला सहारनपुर।































































स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**Required Principal & Faculty**
For LLb, three -year course Qualification and salary as per UGC, Bar Council of India & Maa Shakumbhari University Saharanpur Norms. Apply within 10 days with all certificates and two Photographs by post or mail.
**Krishna Institute of Law Gangoh, Address-1K.M. Mile Stone, Gangoh, Saharanpur Road, Gangoh, Saharanpur.**
Email-kilgangoh@gmail.com
Contact No 9897929200, 9012100086

# चांदपुर का राहुल कुमार अरुणांचल में शहीद

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंडी क्षेत्र के गांव चांदपुर के राहुल कुमार शहीद हो गया। राहुल कुमार आसाम रायफल का जवान था और वह शहीद होकर दुनिया से अलविदा कह गया।

शनिवार को सभ्रांत लोगों व ग्रामीणों ने उन्हे नम आंखों से विदाई दी। इस दौरान राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व सपा नेता राकेश शर्मा भी अन्तिम यात्रा में शामिल हुए और उन्होंने भी नम आंखों से राहुल कुमार को श्रद्धांजलि दी। आसाम रायफल के जवान में हादसे की जान चली गई। ऐसा बताया गया है और जवान को गार्ड ऑफ ऑनर न मिलने पर नाराजगी जतायी गई। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी राहुल कुमार पुत्र हरबीर सिह आसाम रायफल में जवान था। बताया जाता है कि 14 अगस्त को एक हादसा हुआ था जिसमें जवान राहुल की मौत हो गई थी। जवान राहुल



की मौत के बाद विभाग के अधिकारियों में शोक छा गया था। विभाग के अधिकारियों ने जैसे ही राहुल के शहीद होने की खबर परिवादी को दी थी तो कोहराम मच गया था। इस खबर से गांव में शोक छा गया था। आसाम रायफल के जवान की मौत ने पूरे परिवार को शोक मे डाल दिया था। आसाराम रायफल के जवान व अधिकारी राहुल का पार्थिव शरीर को लेकर शुक्रवार को उसके पैतृक गांव पहुंचे औ उनके अन्तिम दर्शन के लिए लोगों की भीड हजारों में एकत्र हो गई। लोगों ने उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, सपा नेता राकेश शर्मा, सीओ मंडी राजू साहू भी उनके गांव पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। शाम के समय उनका अन्तिम संस्कार कर दिया गया। जवान राहुल की दो बहने, पत्नी और तीन बच्चे है और राहुल अगले माह में ही रिटायर्ड होने वाले थे।

# जहीर फारूकी के नेतृत्व में उमड़ी देशभक्तों की भीड़

**पुरकाजी ।** सूली वाले बाग पर चेयरमेन जहीर फारुकी ने किया ध्वजारोहण कस्बे वह क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया सरकारी वह गैर सरकारी इमारतो पर शान से लहराया तिरंगा मिली जानकारी के अनुसार कस्बे में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़ी धूम रही नगर पंचायत के चेयरमैन जहीर फारूकी एडवोकेट के नेतृत्व में एक तिरंगा यात्रा निकल गई जिसमें कस्बे के हजारों देशभकतों ने शामिल होकर देशभकित के नारे लगाए यात्रा रोडवेज बस स्टैंड से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्ग हाईवे से होती हुई सूली वाले बाग पर पहुंची जहां पर नगर पंचायत के चेयरमैन जहीर फारूकी एडवोकेट द्वारा ध्वजारोहण किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौयरमैन जहीर फारुकी एडवोकेट ने कहा कि उन्होंने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सूली वाले बाग से इंटर कॉलेज की जमीन देने का वादा किया था जिसे पूरा करते हुए उन्होंने अपने पास से आठ बीघा जमीन के कागज जिला अधिक. ारी मुजफ्फरनगर को सौंप दिए हैं इसके आगे उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने उस पर इंटर कॉलेज की स्वीकृति करते हुए उसे प्रक्रिया के लिए आगे भेज दिया है उन्होंने कहा कि आने वाली 26 जनवरी को सूली वाले बाग पर ध्वजारोहण करते हुए 10 वर्ष पूरा हो जाएंगे 26 जनवरी को सूली वाले बाग पर एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी कस्बे व्यकित क्षेत्र के देशभकतों से आने की अपील की इसके अलावा नगर पंचायत कार्यालय पर ध्वजारोहण नगर पंचायत के अध्यक्ष जहीर फारूकी एडवोकेट के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अमर शहीदों को याद करते हुए कस्बे वासियों से अपने माता-पिता की सेवा करना एवं कस्बे को साफ स्वच्छ रखने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य लिपिक समर काजमी, मोहम्मद हुजैफा, अश्वनी कुमार, चौधरी रविकांत, मैनपाल सिंह, दीपक कुमार, डॉक्टर मथुरा, प्रसाद शर्मा सभासद मोहम्मद इस्तकार सभासद निसार अहमद सुखपाल सिंह बेदी श्याम सुंदर दास निर्दोष जैन हरिराम



सक्सेना नवीन कुमार गोयल कपिल मित्तल आदि बड़ी संख्या में जिम्मेदार लोग शामिल रहे सूली वाले बाग पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष मोनू प्रधान दीपक कुमार मनीष कुमार गोयल कुमार गर्ग सभासद शाह आलम गौर दीपक कुमार सभासद मोहम्मद सुलेमान सभासद मोहम्मद इस्तकार आजाद फरीदी नदीम अहमद निसार अहमद इनाम फरीदी सावन कुमार वंश अग्रवाल सुनील गोयल हाफिज मो. हसिन नदीम सुल्तान खुर्रम भाई इरशाद फरीदी आदिल फरीदी कामिल प्रधान सद्दू गौर इमरान पहलवान मोइन अंसारी अशरफ कुरेशी नौशाद प्रधान तकी कुरैशी आलम मेंबर राकेश करनवाल तनवीर आलम नरेंद्र शर्मा राजवीर सिंह दानिश अंसारी निखिल गोयल आशु खान शाहनवाज खान रईस कुरैशी दिलशाद कुरैशी अफसर प्रधान आदी मौजूद रहे।

## परिजनों की अनुपस्थिति में घर में पड़ा मिला वृद्ध का शव

**भोपा।** क्षेत्र के गांव रसूलपुर में परिजनों की गैर मौजूदगी मे वृद्ध का शव बाथरूम में पड़ा मिला है।शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज कर पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि गांव रसूलपुर मे एक मकान से तेज़ दुरगंध आने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस ने मकान के अंदर जाकर देखा तो बाथरूम से एक वृद्ध का शव बरामद हुआ जिसकी पहचान बीर सिंह पुत्र आसाराम आयु लगभग 70 वर्ष के रूप में हुई। पिछले कुछ वर्षो से मृतक किसान बीरसिंह अकेला ही रह रहा था। पत्नी व अन्य परिजन गांव से बाहर अन्य स्थान पर जाकर रह रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया था। सूचना के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया था।

## श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में हुए सांस्कृतिक प्रोग्राम

**बुढ़ाना।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल बुढ़ाना में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य एवं एकता की भावना का संचार करना था। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुई। छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। इनमें देश भक्ति गीत, समूह नृत्य, कविताएं और लघु नाटिका शामिल थी। जिन्होंने उपस्थित जन समूह को भाव विभोर कर दिया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और तिरंगे की छटा से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं शिक्षकों की भी उपस्थित रही। कार्यक्रम में विद्यालय के सम्मानित अधिकारियों में एग्जीक्यूटिव एजीएम विक्रम रेड्डी, एजीएम जॉन वामसी कृष्णा एग्जीक्यूटिव डीन सनम, ज़ोनल डीन चंद्रशेखर, ज़ोनल रीजनल इंचार्ज हरि दुर्गा प्रसाद, रीजनल इंचार्ज कार्तिक गौर, प्रधानाचार्या प्रतिभा गंगवार, डीन मोहित कुमार उपस्थिति रही।

# श्री कृष्ण को झूला झुलाकर आनंदित हुए लाखों श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवादाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर आज जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान जिले के समस्त मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था। जहां मनमोहक धार्मिक झाकियां देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड मध्य रात्रि तक उमड़ती रही। इस दौरान सुरक्षा के भी खासे इन्तजाम किये गये थे।

शहर के गणपति धाम मंदिर, बालाजी धाम मंदिर, कीर्तन भवन नई मंडी, गोलोक धाम, लक्ष्मी नारायण मंदिर गांधी कालोनी, पुलिस लाईन स्थित शिव मंदिर, सनातन धर्म सभा भवन,शिवचौक, कुष्ठ आश्रम स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर, काली नदी घाट स्थित महाकाली मंदिर सहित सभी मंदिरों में देव प्रतिमाओं की उद्भूत



साज-सज्जा नये वस्त्र परिधानो और जेवरातों से की गई। भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप को झूला झुलाकर श्रद्धालु आनन्दित होते रहे।

गली मौहल्लों में भी बच्चों ने मनमोहक झाकियां सजाई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु घरों से भी लड्डू गोपाल को सजाकर मंदिरों में दर्शन कराने के लिए लाये थे। अनेक मंदिरों में बाबा बर्फानी की गुफाएं भी झांकी के रूप में लगायी गई थी। ठीक 12 बजे घंटे घडियाल बजाकर श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जन्म के बाद ठाकुर जी का पंचामृत अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने नन्दलाल को पंजरी, लड्डू, पाग, मेवा आदि का भोग लगाकर मंगलारती की। मंदिरों के बाहर छोटे-छोटे मेले भी बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहे हैं।

# जैन समाज ने किया युवा सम्मेलन, छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्रा संख्या 4 के अंतर्गत 15 अगस्त को शाखा जैन मिलन मेन मुजफ्फरनगर द्वारा क्षेत्राीय युवा सम्मेलन जैन, मेधावी छात्रा-छात्राा अलंकरण समारोह एवं साधु साध्वी व तीर्थ रक्षा सम्मेलन परम पूज्य आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी महाराज एवं 105 आर्यिका विक्रांत श्री माताजी व आर्यिका विध्वान्त माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में जैन मिलन विहार में बड़े ही भव्य रूप से मनाया गया।'

सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री 'अतिवीर हर्षवर्धन जैन द्वारा धर्म ध्वजारोहण करके' किया गया

'कार्यक्रम के समारोह गौरव मुख्य विकास अधिकारी सीडीओ अतिवीर कमल किशोर देशभूषण कंडारकर जैन रहे।' उन्होंने अपने जीवन में कैसे पढ़ाई की एवं किस तरह इस मुकाम तक पहुंचे वो सभी बाते उपस्थित सभी बच्चों को बताई उनको जीवन में सफल होने का लक्ष्य बताया।



कार्यक्रम के 'मिलन गौरव राष्ट्रीय अध्यक्ष अतिवीर सुरेश चंद जैन ;तुराज ने' जैन तीर्थ रक्षा एवं जैन साधु साध्वी रक्षा पर विशेष जोर दिया सभी को अपने जैन मंदिरों की रक्षा हेतु प्रेरित किया। 'राष्ट्रीय महामंत्री प्रशासन अतिवीर अजय जैन ने' सभी बच्चो को पढ़ाई कें लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अतिवीर मनोज जैन ने' वहां उपस्थित युवाओं को जैन धर्म के प्रति प्रेरित करते हुए साधु साध्वी एवं जैन तीर्थो रक्षा करने के लिए प्रेरित किया तथा सभी मेधावी छात्रा छात्राओं को भविष्य में ओर अच्छा बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में 'चित्रा अनावरण वीर राजेश जैन अरोमा पेपर मिल' वालो द्वारा किया गया। 'दीप प्रज्वलन वीर पंकज जैन ' गांधी टेंट वालों द्वारा एवं 'आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन वीर राजकमल जैन ' परिवार,एवं 'शास्त्रा भेंट वीर राजीव जैन जी मंसूरपुर' द्वारा किया गया। 105 श्री आर्यिका माता जी को शास्त्रा भेंट 'वीर संजय जैन आयकर अधिकारी', क्षेत्राीय संरक्षक 'वीर शीतल जैन सीए' एवं 'वीर योगेन्द्र जैन एडवोकेट' द्वारा किया गया।आतिथ्य शाखा के अध्यक्ष वीर आदिश जैन , शाखा मंत्री अतिवीर राकेश जैन एवं कार्यक्रम के स्वागतध्यक्ष राष्ट्रीय संयुक्त मंत्राी वीर दिनेश जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिवादन किया। आचार्य ने सभी को अपना मंगल आशीर्वाद देते हुए सभी बच्चों को मोबाइल का सदुपयोग करे दुरुपयोग नहीं।' जनगणना में अपन नाम के आगे जैन जरूर लिखे इस पर विशेष जोर दिया। '105 आर्यिका विक्रांत माता जी ने सभी को तीर्थ रक्षा करने हेतु विशेष जोर दिया।' कार्यक्रम में 'लगभग 65 जैन मेधावी छात्रा-छात्राओं को मेडल पहनाकर एवं शील्ड व प्रशस्ति पत्र' देकर सम्मानित किया गया । 'कार्यक्रम में लगभग 400 की संख्या में मिलन परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।'

# कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न कराने वाले थानाध्यक्ष सहित अधिकारी सम्मानित

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्रावण मास की कांवड़ यात्राा को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने में प्रशासन और पुलिस की अहम भूमिका रही। इसी कार्य के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए स्थानीय युवाओं ने मंसूरपुर थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों का सम्मान किया।

जानकारी के अनुसार, आशीष चौधरी, राहुल अहलावत, शेखर पंडित, नितिन चौधरी और सौरभ कपासिया सहित कई युवक मंसूरपुर थाने पहुंचे। यहां उन्होंने थाना प्रभारी सुभाष अत्रि को भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा और शॉल भेंटकर सम्मानित किया। इसके साथ ही युवकों ने सोहजनी चौकी प्रभारी देवा सिंह तथा शाहपुर थाना अध्यक्ष मोहित चौधरी को भी प्रतिमा व शॉल भेंटकर सम्मानित किया।



युवाओं ने कहा कि कांवड़ यात्राा के दौरान प्रशास. निक और पुलिस अधिकारियों ने दिन-रात मेहनत कर व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखा। उनकी सतर्कता और लगन के चलते यात्राा बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।युवाओं ने इस अवसर पर प्रशासनिक टीम के प्रति आभार जताते हुए भविष्य में भी इसी तरह सहयोग और व्यवस्था बनाए रखने की उम्मीद जताई।

## कार खरीदने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये हड़पे

**बुढ़ाना।** एक युवक ने कार खरीदने के नाम पर एक पीड़ित से लाखों रुपये हड़प कर लिए। सावेज पुत्र नवाब निवासी सफीपुर पटी लुहसाना रोड बुढाना ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी एक पुरानी वैगनार गाडी बीती 17 जून को रुकबान उर्फ लुकमान पुत्र मध्या निवासी ग्राम गढी बेसिक सिम्भालका जिला पानीपत हरियाणा हाल निवासी पुलिस चौकी के पीछे धोबियों वाली गली कस्बा बुढाना को एक लाख 60 हजार रूपये की विक्रय की थी। उसे मौके पर कुल एक लाख 5 हजार रूपये दिये और बाकी 55 हजार रुपये का चौक दिया। जो एक बैंक का था। लुकमान अपनी कुछ मजबूरी बताकर उससे तभी वापस 93 हजार रूपये वापिस ले गया और उसे अगले दिन पैसे देने का वादा किया। उसने जब अगले दिन पैसे वापिस मांगे तो उसने पैसे नहीं दिए और चक्कर कटा रहा है।

# आवाम-ए-हिन्द पार्टी ने मनाया आज़ादी का जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आवाम ए हिंद पार्टी अल्प संख्यक कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस की धूम रही। बकरा मार्केट आबकारी रोड़ स्थित कार्यालय पर चौधरी मेहरबान अली ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। इस दौरान अली जैदी,कादिर नेता, अनीस अहमद, जमाल, मोबिन त्यागी, सुखराम पाल कश्यप, डा. रईस अल्वी, सुहैल सिद्दीकी ने स्वतंत्रता दिवस पर रोशनी डालते हुए कहा कि सभी धर्म के लोगों ने अपनी जान की बाज़ी लगाकर देश को आज़ाद कराया।आज़ादी में उलेमाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है तब जाकर हमें आजादी मिली है।

## पति की मार से परेशान विवाहिता हुई फरार

**बुढ़ाना।** रोजाना अपने ससुरा. लियों से प्राताडित एक महिला फरार हो गयी। महिला बुढ़ाना कस्बे के एक हस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने के बहाने अपनी ससुराल से आई थी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक के गांव लोई निवासी एक महिला को सुत्रों के मुताबिक उसकी ससुराल वाले परेशान रखते थे। आरोप के मुताबिक महिला को उसका पति भी अपने परिजनों के कहने पर मारता पीटता था। रोजाना की मार से तंग विवाहिता आज बुढ़ाना कस्बे के एक हस्पताल में अपनी ससुरालियों के साथ अल्ट्रासाउंड कराने के बहाने आई और मौका पाकर फरार हो गयी। उक्त विवाहिता ससुरालियों से एक सौ रुपये का नोट बहाना बनाकर लेकर चली गयी। जब काफी देर तक भी विवाहिता हस्पताल में नहीं आई तो ससुरालियों में हड़कंप मच गया और वे उसको इधर उधर खोजकर चले गये।

# कंपोजिट स्कूल डुंगर में धूमधाम से मना 15 अगस्त

**बुढ़ाना।** कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में बीते 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें शासन के आदेशानुसार ठीक प्रात साढे 6 बजे गांव में प्रभात फेरी निकाली गई।

ठीक 8 बजे ग्राम प्रधान रीटा मलिक व स्कूल प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद ने स्कूल की बिल्डिंग पर तिरंगा झंडा फहराया।

फिर राष्ट्रीय गान व गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष 15 अगस्त को हर्षोउल्लास के साथ मनता है। यह प्रत्येक भारतीय को एक नई शुरुआत की याद दिलाता है। इस दिन 200 वर्ष से अधिक समय तक ब्रिटिश उप निवेशवाद के चंगुल से



छूटकर एक नए युग की शुरुआत हुई थी। 15 अगस्त वह भाग्यशाली दिन था जब भारत को ब्रिटिश उप निवेशवाद से स्वतंत्र घोषित किया गया और नियंत्रण की बागडोर देश के नेताओं को सौंप दी गई। भारत द्वारा आजादी पाना उसका भाग्य था क्योंकि स्वतंत्रता संघर्ष काफी लंबे समय तक चला और यह एक थका देने वाला अनुभव था। जिसमें अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने जीवन कुर्बान किए।

# विद्युत करंट की चपेट में आए भैंसे की हुई मौत

**बुढाना।** विद्युत करंट की चपेट में आकर एक भैंसें की मौके पर ही तड़प तड़पकर मौत हो गयी जबकि बुग्गी में सवार 4 ग्रामीणों को भी जोरदार का करंट लगा। विद्युत विभाग के विरुद्ध आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगाकर मुआवजे के मांग की। बीते सप्ताह बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा माजरा निवासी धर्मपाल शर्मा की बीमारी के चलते मौत हो गयी थी। रविवार को धर्मपाल की तेरहवीं थी। तेरहवीं के लिए टेंट का सामान लेने के लिए भैंसा बुग्गी लेकर गांव का बिटू पुत्र राजेंद्र सेन धर्मपाल के पुत्र मिंटू व अन्य दो बच्चों को लेकर पास के गांव अलीपुर अटेरना में देर शाम आया था। तब अचानक से जर्जर तारों की चपेट में आकर भैंसें की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि बुग्गी में सवार चारों ग्रामीणों को करंट लगा। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की लापरवाही मानते हुए रोड जाम कर दिया और भैंसा मालिक को मुआवजा दिए जाने की मांग की। सूचना पर भाकियू कार्यकर्ता और बुढ़ाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। काफी हंगामे के बाद जाम खोला गया। मौके पर सीओ गजेंद्र पाल सिंह, एसडीएम अपूर्वा यादव, तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, कोतवाल आनंद देव मिश्र व उमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी रहे। समाचार लिखे जाने तक जाम तो खुल गया था लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों का हंगामा जारी था। सभी ग्रामीण भैंसा मालिक को मुआवजा दिलाए जाने और जर्जर तारों को बदलवाने की मांग पर अडे थे।

# सभासद इमरान कुरैशी ने सफाईकर्मियों को बांटे अंगवस्त्र

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 13 के सभासद इमरान कुरैशी की एक और दरिया दिली उस समय कस्बे के जिम्मेदार लोगों को देखने को मिली जब उन्होंने कस्बे की साफ सफाई करने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले एक सौ से भी अधिक सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया।

उन्होंने सभी कर्मचारियों को अंग वस्त्र भेंट कर सभी का दिल जीत लिया। यही नहीं सभासद इमरान कुरैशी ने बुढ़ाना नगर पंचायत के समस्त स्टाफ को भी अपने कर कमलों द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उस समय चार चांद लग गये जब चेयरपर्सन उमा त्यागी और उनके प्रतिनिधि सुबोध त्यागी भी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सभासद इमरान ने



दोनो अतिथियों का स्वागत करते हुए उनको भी कस्बे का विकास करने पर उपहार देकर सम्मानित किया। सभासद इमरान कुरैशी ने बताया कि उनका मकसद ये ही रहता है कि हर कोई अच्छा काम करे और वो सार्वजनिक रुप से सम्मानित हो ताकि सामने वाला का और भी हौसला बढ़ें। चेयरपर्सन उमा त्यागी ने कार्यक्रम की सराहना की। यहां सभासद लक्ष्मण चौहान, सभासद प्रतिनिधि राकेश पाल, सभासद सलीम कुरैशी, सभासद राशिद भूरु कुरैशी, सभासद इकबाल कुरैशी, वरिष्ठ लिपिक सतीश पंवार, सुमित शर्मा, शाह आलम, सुधीर कुमार, दिनेश त्यागी व सचिन कोरी आदि मौजूद रहे।

# खतरे में छड़ियांन मेले की परंपरा, चार नीलामी नाकाम

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और खतौली की पहचान बन चुका सदियों पुराना छड़ियांन मेला इस बार अधर में लटक गया है। नगरपालिका द्वारा ठेका नीलामी की चार-चार को. शिशें नाकाम रही हैं। हर बार बोली 39 लाख रुपये तक पहुंचकर थम गई, जबकि पालिका ने आरक्षित राशि 50 लाख 46 हजार रुपये तय की थी।

अब 18 अगस्त को होने वाली छठी नीलामी पर ही मेले का भविष्य टिका है। बता दे कि परंपरा के अनुसार 16 अगस्त जन्माष्टमी पर गोगा जाहरवीर मांढी पर मेले का उद्घाटन कर पहला बाजार सजना चाहिए था, लेकिन हकीकत यह है कि अभी तक नगर पालिका की ओर से कोई तैयारी शुरू ही नहीं हुई है।

**पहली से चौथी नीलामी तक फेल**

गोगा जाहरवीर मांढी पर लगने वाले इस भव्य मेले के लिए पहली नीलामी में बोली 39 लाख तक पहुंची, लेकिन आरक्षित राशि पूरी न होने पर प्रक्रिया रद्द करनी पड़ी। दूसरी नीलामी में एक भी ठेकेदार आगे नहीं आया। तीसरी नीलामी में नायब तहसीलदार अमित रस्तोगी और ईओ राजीव कुमार मौजूद रहे, मगर बोली फिर 39 लाख से आगे नहीं बढ़ी। चौथी नीलामी में भी उम्मीदें टूट गईं। पांचवीं बैठक में तो कोई ठेकेदार पहुंचा ही नहीं।

**लोगों ने ठेका प्रथा पर उठाए सवाल**

लगातार असफल नीलामियों से नगर में चर्चा है कि ऊंची आरक्षित राशि और ठेका प्रथा की खामियां मेले पर संकट का कारण बन रही हैं। नगरवासियों ने पालि. का से स्वयं मेला आयोजित करने की मांग उठाई है, ताकि धार्मिक आस्था और सदियों पुरानी परंपरा पर विराम न लगे।

अब निगाहें छठी नीलामी पर

पालिका सूत्रों के अनुसार अब छठी नीलामी 18 अगस्त (सोमवार) सुबह 11 बजे होगी। नगर में चर्चाएं तेज हैं,क्या इस बार छड़ियांन मेला लगेगा या फिर आस्था का यह पर्व इतिहास बनकर रह जाएगा?


# कार्यालय नगर पालिका परिषद खतौली मु. नगर।

पत्रांक:-534/ न.पा.प./2025-26 दिनांक-14 अगस्त 2025

## अति-अल्पकालीन सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खतौली द्वारा पूर्व वर्षा की भाँति मेला श्रावणी (छड़ियान) का आयोजन किया जाना है जिसमें मेले में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्युत, फर्नीचर व्यवस्था, मेला कैम्प (नगर पालिका व पुलिस कैम्प) कैम्प में फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था व मेले मे होने वाले सजावट व लाउडस्पीकर आदि की व्यवस्था करायी जानी हैं। जिस हेतु कार्यालय नगर पालिका परिषद खतौली में पुनः दिनांक:- 18-08-25 समय प्रातः 11-00 सरेआम सार्वजनिक रूप से नीलामी करायी जायेगी। इच्छुक व्यक्ति को सार्वजनिक नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया जाता हैं।

| क्र.स. | कार्य का नाम | जमानत धरोहर धनराशि | निर्धारित सरकारी बोली | मेला अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेला श्रावणों (छड़ियान)2025 | 500000/- | 4650000/-+ जी.एस.टी. | 01 माह |

नोट:-
1. नीलामी सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालय के टैक्स विभाग से कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।
2. निर्धारित सरकारी बोली से कम बोली स्वीकार नही की जायेगी अधिकतम बोली ही स्वीकारणीय होगी।
3. मेला श्रावणी (छडियान) के ठेके के निमित जी.एस.टी., रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य होगी।
4. ठेका स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष महोदय न.पा.प. खतौली ने निहित होगा।
5. ठेकेदार नगर पालिका शरायतों का अनुपालन करने के लिए बाध्य होगा।

**( राजीव कुमार )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, खतौली**

**( शाहनवाज अली )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, खतौली**



## सम्बन्ध विच्छेद

मेरा पुत्र उमर फारूख व उसकी पत्नी रूबी पुत्री शमशेर हमारे कहने सुनने से बाहर है। ये गलत संगत में पड़ गये है। इसलिए मैने इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**श्रीमती शाहजहां पत्नी श्री कल्लू**
**हाल निवासी म.नं. 827/590**
**दक्षिणी खालापार,**
**थाना खालापार**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सरूरपुर क्षेत्र के डाहर गांव में फैली सनसनी

# दो दिन पुराना शव मिलने से मचा हड़कंप

**घर के अंदर हुई थी घटना, मां-बाप गहरे सदमे में, क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** क्षेत्र के डाहर गांव में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब 35 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। शव करीब दो दिन पुराना होने के कारण बुरी तरह सड़-गल चुका था। जैसे ही परिजनों ने शव देखा, चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृतक की पहचान बिंदर पुत्र चंद्र किरण निवासी डाहर के रूप में हुई है। युवक का शव कमरे के अंदर पड़ा था। बदबू फैलने पर आसपास के लोगों को शक हुआ और जब परिजन कमरे में पहुंचे तो उनके होश उड़ गए।


मृतक का फाइल फोटो।

#### मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल

बिंदर के शव को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप अपने इकलौते बेटे के शव से लिपटकर बिलखते रहे। उनकी चीख-पुकार सुनकर गांव का हर शख्स गमगीन हो गया। पड़ोसियों और रिश्तेदारों ने किसी तरह परिजनों को संभालने की कोशिश की लेकिन घर का माहौल मातम में बदल गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजय शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

**थाना प्रभारी ने बताया:** शव की हालत काफी खराब है, यह करीब दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी। मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है। इस घटना ने पूरे गांव को हिला कर रख दिया। एक ओर युवक की मौत से गांव में शोक की लहर है तो दूसरी ओर लोगों के बीच डर और तरह तरह की चर्चाएं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी रहस्यमयी हालात में शव का मिलना कई सवाल खड़े करता है। इस घटना ने क्षेत्र के लोगों को झंझोरकर रख दिया है। घटना के हर पहलू पर ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

### कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता पहुंचे दिल्ली मुख्यालय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वतंत्रता दिवस पर मेरठ कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष विनोद सोनकर के नेतृत्व में कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन दिल्ली पहुंचे। जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडके ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता गण व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। विनोद सोनकर ने बताया कि सेवादल हमेशा से गरीबों के हितों की बात करती है हमारा प्रयास है कि कोई भी परेशान न हो।

## आज ग्राम बाफर में होगा ऑल इण्डिया सांगवान खाप मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऑल इंडिया सांगवान खाप के द्वारा रविवार को चतुर्थ सांगवान परिवार मिलन समारोह का आयोजन ग्राम बाफर स्थित विवेक रिसोर्ट में किया जा रहा है। खाप अध्यक्ष उत्तर प्रदेश चौधरी बालिस्टर सांगवान ने बताया कि उत्तर प्रदेश में यह सम्मेलन पहली बार हो रहा है। इस सम्मेलन में सांगवान परिवारों के प्रतिभाशाली छात्र एवं विभिन्न क्षेत्रों खेलो, राजपत्रित अधिकारियों, सामाजिक क्षेत्रों आदि में सांगवान परिवारों का नाम रोशन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

विवेक सांगवान बाफर ने बताया कि सांगवान मिलन समारोह की पूरी तैयारी कर ली गई है। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से आने वाले सभी सांगवान परिवारों के ठहरने एवं खाने आदि की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में ऑल इंडिया सांगवान परिवार के प्रधान चौधरी सोमवीर सिंह सांगवान, सचिव चौधरी नरसिंह सांगवान विधायक चरखी दादरी, सुनील सांगवान, मनीषा सांगवान, पूर्व विधायक नरपेन्द्र सांगवान, पूर्व विधायक जगजीत सांगवान, पूर्व विधायक विजय भण्डोला सांगवान के अतिरिक्त अलीगढ़ से नरेंद्र सांगवान, पंजाब से हरजीत सिंह सांगवान, मध्य प्रदेश से राकेश सांगवान डीएसपी गुड़गांव गरिमा सांगवान, सांसद राजकुमार सांगवान, पूर्व एमएलसी जगतसिंह, कर्नल अरुण कुमार, चौधरी हरेंद्र सिंह आदि कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।



### आजाद समाज पार्टी ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद समाज पार्टी के नेता सागर लिसाड़ी ने 79 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विशाल तिरंगा बाईक महारैली का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने विशाल तिरंगा बाइक रैली में देश भक्ति गानों पर झूम उठा। वहीं आजाद समाज पार्टी के नेता सागर लिसाड़ी व फहीम रंगरेज ने बताया कि हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था जिसका हम भारतीय लोगों जश्न और खुशी मनाते हैं। विशाल तिरंगा बाइक रैली में लगभग तीन हजार से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। रैली गांव लिसाड़ी, नूर नगर, रेलवे स्टेशन से होते हुए मेरठ कचहरी बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यर्पण कर समापन किया गया। इस दौरान चरण सिंह एडवोकेट, बृज मोहन, पिंकल गुर्जर, अली शेर, अमित गुर्जर, साजेब रिजवी, मो. अनस, फाइम रंगरेज आदि मौजूद रहे।



## अज्ञात युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

### शुक्रवार की सुबह पूर्व जिला पंचायत सदस्य सड़क के किनारे मिले थे लहूलुहान

**24 घंटे में दो घटनाओं से क्षेत्र में मचा हड़कंप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** चौकी क्षेत्र में बीते 24 घंटे के अंदर दो घटनाएं हो गई जिससे सनसनी फैल गई और लोगों के बीच तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। पहली घटना शुक्रवार सवेरे की है। चौकी क्षेत्र के ग्राम देदवा गांव के बाहर सोफीपुर मार्ग पर सड़क के किनारे पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजीव निवासी ग्राम चिरोडी थाना दौराला लहूलुहान हालत में पड़े थे सूचना पर लावड़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को राहगीरों की मदद से मोदीपुरम एसडीएस ग्लोबल अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के 24 घंटे के अंदर ही शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे कस्बे में कोल्ड स्टोरेज के सामने अंदावली रोड पर समय सिंह की ट्यूबवेल पर पेड़ के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा था खेतों में काम करने गए लोगों ने इसकी सूचना भाजपा नेता मोहन सैनी को दी।

जिसके बाद मोहन सैनी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी इंचौली थाना प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने शव की शिनाख्त कराने की काफी कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी शव के पास कोई आईडी या मोबाइल भी नहीं मिला केवल उसके हाथ पर मनोज लिखा हुआ था मृतक की उम्र लगभग 26 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए मेडिकल भिजवाया।

थाना प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजीव चिरोड़ी घायल अवस्था में मिले थे जिनका निजी अस्पताल ने इलाज चल रहा है उन्होंने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है जांच के बाद सच्चाई सामने आ सकेगी। वहीं अज्ञात शव मिलने पर थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के एक हाथ पर मनोज लिखा हुआ है काफी मशक्कत के बाद भी युवक की पहचान नहीं हो सकी है शव को मोर्चरी भेज दिया गया है।

**हत्या या आत्महत्या पुलिस की जांच में आएगा सामने**

अज्ञात शव के गले में एक रस्सी बंधी हुई थी और आधी रस्सी पेड़ पर बंधी हुई थी जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि युवक ने पेड़ से लटककर आत्महत्या की होगी जिसके कुछ समय बाद रस्सी टूट गई होगी और शव नीचे गिर गया। हालांकि अभी कुछ भी कहना संभव नहीं है अब पीएम रिपोर्ट ओर पुलिस की जांच के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी कि युवक ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या की गई है। पुलिस की कढ़ी मशक्कत के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी युवक ने नीली जींस और चैक की शर्ट पहनी हुई है।

**एक नजर**

### सेंट जेम्स के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ए वतन तुझको मेरी कसम गीत गाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा सुभाषपुरी स्थित सेन्ट जेम्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 79वां स्वन्त्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह व मुख्य अध्यापिका अर्पणा सिंह ने किया। उन्होंने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगीत गया। हेड ब्वाय चिराग लाटा ने स्वतन्त्रता दिवस पर अपना भाषण दिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीत ए वतन तुझको मेरी कसम गाकर सबको मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अध्यापिका द्वारा प्रेरणादायक भाषण दिया गया जिसमें बच्चों को आजादी के लिए संघर्ष करने वाले वीरों के योगदान को स्मरण किया व तिरंगे के महत्त्व को समझाया। प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह ने अपने संदेश में आजादी के महत्व को बच्चों को समझाया तथा देश की सुरक्षा व एकता के लिए संदैव तन, मन, धन, से न्यौछावर रहने के लिए प्रेरित किया व बच्चों को राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्य व अधिकारों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

### स्वतंत्रता दिवस: डीएवी के विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्री नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्राध्यापक सतवीर सिंह विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राध्यापक स्नेह वीर सिंह विभागाध्यक्ष पॉलिटिकल साइंस, दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज डॉ. अंशु अग्रवाल सह प्राध्यापिका साइकोलॉजी विभाग तथा डॉ. शर्मा क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी स्कूल, यूपी जोन-ए उपस्थित रहे। बीदेश की समृद्धि एकता और शांति का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए राष्ट्रीय गान की गूंज से पूरा प्रांगण गूंज उठा। डॉ. अल्पना शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते हुए संदेश दिया कि आज के विद्यार्थी कल के निर्माता हैं। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश की आजादी का प्रतीक है, विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने का इससे श्रेष्ठ अवसर नहीं हो सकता। इसी उपलक्ष्य में डीएवी के विद्यार्थी, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से विद्यालय को गौरवान्वित किया, उनकी प्रतिभा को सम्मानित करने हेतु उपलब्धि दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2024-25 के प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित किया गया।

### सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में शानदार रहा स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छीपी टैंक स्थित सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह एंव देशभक्ति की भावना से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय को फूलों तथा तिरगें झंडों से सजाया गया। समारोह का आरंभ प्रधानाचार्या अनुग्रह डीन ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान गाया तथा अन्य देशभक्ति से पूर्ण गीत गाए गए। विद्यालय में परेड़ के उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। जिस में नर्सरी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्र - छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया तथा अपनी प्रतिभाओं का परिचय दिया। इस कार्यक्रम में देशभक्ति से प्रेरित सामुहिक नृत्य, नाटक, कविताएं प्रश्नोत्तरी और भाषण आदि शामिल थे। विशेषतौर से नाटक द्वारा स्वतंत्रता प्राप्ति में देशभक्तों तथा क्रान्तिकारियों और बलिदानियों के योगदान को याद किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समाप्ति पर प्रधानाचार्या द्वारा स्वतंत्रता दिवस के महत्व तथा देशभक्ति की भावना के विषय में प्रेरक भाषण दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वाईट हाउस एवं शिक्षिकाओं का योगदान रहा।



### सीवीपीएस में मना आजादी का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। समारोह की मुख्य अतिथि विद्यालय की अध्यक्षा डॉ. सरोजिनी अग्रवाल एवं विद्यालय निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल का स्वागत प्रधानाचार्य एन. पी. सिंह एवं सीनियर कोऑर्डिनेटर मीनू कपूर ने हरित पौधा भेंट कर किया। डॉ. सरोजिनी अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। छात्रों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं तिरंगा रैली ने सभी का दिल जीत लिया। विद्यार्थियों को द लेजेंड



## सिवालखास में निकाली तिरंगा बाइक रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** स्वतंत्रता दिवस पर ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा जानी क्षेत्र में बड़ी धूमधाम से निकलीं। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा गांव कुराली से निकली। जिसका आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में किया गया। यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के संयोजक व नेता राहुल ढडरा रहे। तिरंगा यात्रा में भारत माता और अमर शहीदों का गुणगान किया गया।

इंकलाब जिंदाबाद के नारों ने समा बंधा, जानी क्षेत्र तिरंगा यात्रा सबसे पहले कस्बा सिवाल खास भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर हिमालय पर हुआ। राहुल ढडरा ने कहां की बाबा भीमराव अंबेडकर जैसे महान व्यक्ति बार-बार पैदा नहीं होते उन्होंने संविधान लिखा था राहुल ढडरा ने कहा की हमें फक्र है कि हम तिरंगा झंडा लेकर अपने साथ चल रहे हैं और बड़े जोश और जज्बे के साथ इस पर्व को मना रहे है। तिरंगा यात्रा डालूहेड़ा रावा मोहम्मदपुर बहरामपुर खास नेक ढडरा अमानुल्लापुर सतवाई टिकरी और उसके बाद इसका समापन सिसोला खुर्द में किया गया। इस दौरान महामंत्री मनोज फौजी मंडल उपाध्यक्ष, अनुज जाटव, नरेंद्र सिसोला, रामधन सिसोला, हिमांशु, पवन प्रदेश कार्य सदस्य, राकेश कश्यप, मंडल मंत्री सहदेव जाटव, ब्रजवीर सैनी, मंडल के उपाध्यक्ष बंटी विश्वकर्मा दीपेश आदि मौजूद रहे।



### किड्जी एवं जेड बी स्कूल में ध्वजारोहण, नायाब तहसीलदार का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शांति कालोनी स्थित किडजी एवं जेड बी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नायाब तहसीलदार सचिन चौधरी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तिरंगा फहराते ही पूरे प्रांगण में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष गूंज उठे। ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्नों ने देशभक्ति गीतों, कविताओं और नृत्यों से दर्शकों का दिल जीत लिया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के गीतों और नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधक शोएब खान व अजमल हुसैन ने नायाब तहसीलदार सचिन चौधरी को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए दी गई कुर्बानियों को याद करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेने का दिन है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



### अधिवक्ता अरविंद कुलश्रेष्ठ पांच साल के लिए निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक मुकदमे में गलत पैरवी करना एक अधिवक्ता को भारी पड़ गया बार काउंसिल उत्तर प्रदेश ने अधिवक्ता को 5 साल के लिए न्यायिक कार्य करने से निलंबित कर दिया। सूत्रों के अनुसार शरद जैन व उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी के षड़यंत्र में शामिल वकील अरविंद कुलश्रेष्ठ के द्वारा सचिव संजय जैन ऋषभ एकेडमी स्कूल पर झूठा मुकदमा करने के लिए व पैसो की अवैध उगाई के प्रमाणपत्र को झूठा बताने के लिए कोर्ट को गुमराह किया था। जांच में साबित हुआ है कि अधिवक्ता अरविंद न्यायालय को गुमराह करने की कोशिश कर रहे थे संजय जैन की शिकायत पर बार काउंसिल ने इसमें जांच कराई और दोषी अधिवक्ता को निलंबित कर दिया।

### जानी ब्लॉक में मनाया 79 वां स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ 79 स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया सभी निजी संस्थान और सरकारी कार्यालय पर तिरंगा फैराकर जन गण मन गया और देश की आन बान और शान के लिए तिरंगे को सैल्यूट किया वहीं जानी ब्लॉक के राजकीय पशुचिकित्सालय में पशु चिकित्सा अधिकारी सुनंदा पांडे ने झंडा फहराया। उन्होंने कहा कि देश के शहीद सुखदेव राजगुरु रामप्रसाद बिस्मिल चंद्रशेखर आजाद जैसे देश भक्त आजादी के लिए कुर्बान हो गए यह बड़े फक्र की बात है कि हम आज अपने तिरंगे झंडे के लिए एक साथ खड़े हैं। इस दौरान फार्मासिस्ट राज बहादुर सिंह व कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## वेंक्टेश्वरा परिसर हुआ देशभक्ति से ओत-प्रोत

### भ्रष्टाचार मुक्त अखण्ड भारत के निर्माण में दें अपना योगदान: सुधीर गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 79वें स्वतन्त्रता दिवस एवं आजादी के अमृत महोत्सव पर वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में 101 फीट ऊंचे विशाल तिरंगे के ध्वजारोहण समेत देशभक्ति से ओत-प्रोत एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। देर शाम तक चले इस शानदार आयोजन में ध्वजारोहण तिरंगा रैली, सांस्कृतिक संध्या समेत एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इस शानदार समारोह में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियो एवं मेधावियो को सर्टीफिकेट एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। स्वतन्त्रता दिवस पर आयोजित ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक समारोह का शुभारम्भ समूह चेयरमैन सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, डॉ. मधु चतुर्वेदी, कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने भारत मां की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं ध्वजारोहण करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन सुधीर गिरि ने कहा कि सीमा पर जाकर देश के दुश्मनो से लड़ना तो चन्द लोगो के ही नसीब में होता है, पर केवल बार्डर पर लड़ना ही देश सेवा नहीं है।

देश के आम नागरिक, बच्चे, युवा, बुजुर्ग, मातृशक्ति भी अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में रहकर भ्रष्टाचार मुक्त अखण्ड भारत के निर्माण में अपना योगदान देते है, तो ये भी सच्ची देश सेवा की श्रेणी में आता है। कार्यक्रम को प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे एवं कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश सिंह, डॉ. बी.एस. त्यागी, एच.आर. हेड कुलदीप सिंह, रंजीत सिंह मुलतानी, एपीओ कृष्ण गुजर, डॉ. एस.एन. साहू, डॉ. सुमन कुमारी, प्रीतपाल सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।



## जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गलगोटिया यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में आयोजित हुई चौथी अंडर 15 सब- जूनियर नैशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कुसेन्दर पाल सिंह बॉक्सिंग अकैडमी भराला के प्रशिक्षु अनिक बाबरा ने 58 कि.ग्रा. भार वर्ग में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक जीतकर क्षेत्र व प्रदेश का नाम रौशन किया, अपने प्रीक्वार्टर मुकाबले में तेलंगाना के मुक्केबाज को हराया, सेमी फाइनल मुकाबले मं दमनदीप के मुक्केबाज को हराया, फाइनल मुकाबले में हरियाणा के मुक्केबाज से हार का सामना करना पड़ा। प्रशिक्षु वर्धमान एकेडमी स्कूल कक्षा 8 का छात्र हैं प्रशिक्षु सुबह शाम बॉक्सिंग कोच प्रवीन कुमार व अरुण कुमार की देख- रेख में अभ्यास करता है। पिता अंकित कुमार बक्सर गंगानगर में मेडिकल की दुकान चलाते हैं माता मोनिका गृहणी हैं। प्रशिक्षु के अकैडमी पहुंचने पर क्षेत्र के गणमान्य लोगो ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर दौराला भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, राजीव चौधरी, विशेष तोमर सचिव जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन, बॉक्सिंग कोच प्रवीन कुमार, अरुण कुमार, सत्येंद्र फौजी, सचिन सिवाच, कुलदीप सिवाच, सोनू मलिक, भूपेंद्र कुमार अर्जुन चौधरी, अमित अहलावत, धीरज अहलावत, विवेक विहान, चंद्रहास सिवाच आदि मौजूद रहे।



### अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने जहीर अब्बासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दिलनवाज खान के निर्देश पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हस्तिनापुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मारूफ अली ने शनिवार को जहीर अब्बासी को मेरठ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

जहीर अब्बासी राष्ट्रीय लोक दल पार्टी के एक कर्मठ सिपाही हैं जो की पार्टी के लिए हमेशा सक्रिय नजर आते हैं। वहीं जहीर अब्बासी ने पार्टी का धन्यवाद कर कहा कि वह राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे। और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं और अब्बासी बिरादरी के लोगों का उनके निवास पर ताता लग गया। इस मौके पर अतिर रिजवी, संगठन मंत्री अक्षय प्रधान, अरशद अल्वी, आबिद, इशाक, पिंटू देसवाल, परवेज अब्बासी, ताज राजपूत, वकील अब्बासी, जिया उर्रहमान, आजम अब्बासी, अरशद प्रधान, आस मोहम्मद, समीम अहमद आदि लोगों ने बधाई दी।



### दहेज के लालची वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** थाना रामराज पुलिस ने एक ऐसे दहेज लोभी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जिसके खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट निकाला था, जिसने अपनी घटिया मानसिकता के चलते दहेज की मांग पूरी न करने पर उस विवाहिता को घर से मारपीट कर निकाल दिया था। रामराज थाना प्रभारी सुनील कसाना ने बताया कि न्यायालय से गैर जमानती वारंट मिलने पर रामराज थाना क्षेत्र के ग्राम देवल निवासी रमन ग्रेवाल पुत्र सुखदेव सिंह नाम के वारंटी को गिरफ्तार किया है। वहीं बताया जा रहा है कि आरोपी ने दहेज के कारण विवाहिता से मारपीट की थी साथ ही उसे घर से बाहर निकाल दिया था जिसके बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।



शामली। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा यात्रा में शामिल डीएम व अन्य।




# जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया आजादी का पर्व

## कलेक्ट्रेट, सरकारी कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, राजनीतिक दलों व शिक्षण संस्थाओं में लहराया तिरंगा















**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह व प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। राष्ट्रीय गान में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसके पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रही। इसके अलावा शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, जिसे विद्यालय के चेयरमैन सुनील गोयल, वाइस चेयरमैन शिखर गोयल, डायरेक्टर प्रियांक गोयल, प्रधानाचार्या अनीता सिवाच, उपप्रधानाचार्य मार्क्स समपायो ले किया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों देकर वातावरण को उत्साह और गर्व से भर दिया। शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबन्धक राजीव संगल ने ध्वज फहराया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सुशील कुमार गर्ग, नन्द कुमार कंसल, अरविन्द गर्ग, शरद जैन, संजय कुमार गोयल, संजय मित्तल, राजकुमार वर्मा, विजेन्द्र कुमार शर्मा, सतीश गोयल, कृष्ण कुमार शर्मा, संजीव कुमार, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा मौजूद रहे। शहर के जैन कन्या इंटर कालेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। संस्थान के अध्यक्ष दीपक जैन, प्रबंधक वीरेन्द्र जैन, प्रधानाचार्या डा। रूचिता ढाका ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्या डा. रूचिता ढाका ने छात्राओं से आपसी भाईचारे के साथ रहने और देश को सशक्त बनाने में अपना सहयोग देने की अपील की। वही सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज में 79वें स्वतन्त्रता दिवस का कार्यक्रम बडे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्ष चन्द्रदेव धीमान, प्रबन्धक सुमीत कुमार, कोषाध्यक्ष गौरव सिंघल, सदस्य वेदप्रकाश के द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। गढी पक्की स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पुरातन छात्र डा.संजीव अग्रवाल, उप प्रबंधक नरेश सैनी, नीरज जैन, पाल सैनी ने झंडारोहण किया। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार, नीरज शर्मा, विकेंद्र मलिक, अनुज शर्मा, नवीन कुमार, शंभूनाथ आदि मौजूद रहे। शहर के बीएस जूनियर हाईस्कूल में मुख्य अतिथि कांग्रेस के सहारनपुर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने ध्वजारोहण किया। स्कूली बच्चों द्वारा भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चो को ओमप्रकाश शर्मा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर हौसला बढाया। मौके पर प्रधानाचार्या ममता गुप्ता, वैभव गुप्ता, बाबूखान, ओमवीर उपाध्याय, शेखरपाल, डा. पाल सिंह मौजूद रहे। शहर के हिन्दू कन्या इंटर कालेज में स्वतन्त्रता दिवस पर प्रबंधक मुनीश संगल ने ध्वजारोहण किया। मौके पर प्रधानाचार्या अलका संगल, नसीम भूरा, डा. अशोक कुमार, आदेश संगल, डा. श्रवण कुमार, डा. दीपाली गर्ग, राजेश जैन मौजूद रहे। शहर के स्प्रिट अप स्पेशल स्कूल एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर पर स्वतंत्रता दिवस पर स्पेशल चाइल्ड्स का अद्वितीय सांस्कृतिक उत्सव मनाया गया। मीनू भगत और आशुतोष सिंघल ने तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस का उद्घोष किया। मौके पर ईशा, शौर्य, रेयांश, वीर कालखांडे, अमान, नमन, शिवराज, विराज मौजूद रहे। शहर के हिन्दू महिला महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर सचिव ब्रजभूषण संगल ने ध्वजारोहण किया। छात्रा प्रगति, साक्षी, दि, सकिना, पायल, नेहा, शिवानी, साला. नी, मिनाक्षी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राचार्य डा. मंजू गर्ग ने देश के वीर शहीदों को याद किया।

**शामली।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारती पब्लिक स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समाज सेविका मुख्य अतिथि और इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा वीणा अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया विशिष्ट अतिथि वन स्टोर सेंटर प्रभारी गजाला त्यागी रही स्वागत गीत के बाद सभी बच्चों ने बड़े ही मनमोहक और एक से एक बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम किए वीणा अग्रवाल द्वारा बच्चों को कॉपियां, पैन और पेंसिल वितरित की गई किसके साथी उन्होंने स्कूल के दो बच्चों की फीस भी दी इस मौके पर हरेंद्र सिंह श्वेता भारद्वाज सपना अभिषेक डोली शबनम नईमां सोनिया आदि उपस्थित रहे।

**थानाभवन।** आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी में इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस नगर व क्षेत्र के स्कूलों में बेहद जोश और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर के प्रमुख विद्यालयों लालालाज पत राय इंटर कॉलेज, कन्या इंटर कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज, अर्पण पब्लिक स्कूल, अल्पाइन पब्लिक स्कूल, सरस्वती पब्लिक स्कूल तथा अल्पाइन विद्यापीठ आदि स्कूलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराते ही प्रांगण देशभक्ति के नारों और गीतों से गूंज उठा।

विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान बच्चों ने मनमो. हक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कहीं देशभक्ति गीतों की धुन बजी तो कहीं बच्चों ने आजादी पर कविताएं सुनाकर सबको भावुक कर दिया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए देशभक्ति नृत्य और नाट्य मंचन ने उपस्थित लोगों की तालियां बटोरीं।

**शामली।** 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समर्पण सेवा ट्रस्ट एवं नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट्स के तत्वाधान में 19 वे विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन पुलवामा शहीद प्रदीप कुमार द्वार कस्बा बनत में किया गया। साथ ही 20 वे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कांधला में पुराने पंजाब नेशनल बैंक पर किया गया। दोनों शि. विर में 86 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। बनत में शिविर का शुभारंभ सदर विधायक माननीय प्रसन्न चौधरी जी ने फीता काटकर किया। विधायक जी ने रक्तवीरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, विधायक जी ने बताया कि सभी को प्रत्एक 6 माह में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे अनेकों बीमारियों का नाश होता है ओर शरीर में नई कोशिकाएं बनती है।

संस्था के जिला सचिव डॉ कपिल कुमार ने बताया की संस्था समाज को रक्तदान करने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। इसी मिशन के अंतर्गत संस्था ने ए रक्तदान शिविर आयोजित किया है, रक्तदान करने से शरीर में कोई भी कमजोरी नहीं आती, 18 से 60 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को वर्ष में 2 बार रक्तदान अवश्य करना चाइए, इससे आप स्वयं भी स्वस्थ रहते है और 3 ओर व्यक्तियों को जीवनदान दे सकते है। रक्तदान अवश्य करें। शि. विर में उपस्थित रहे संस्था के संस्थापक अमन नामदेव, नितिन कुमार, लवली भारद्वाज, चिराग नामदेव,वासू उपाध्याय, आशुतोष पंवार, निखिल खैवाल, ब्लड बैंक से डॉक्टर अभिषेक खेरा , सुपरवाइजर अजय , टैक्नीशियन अरविंद आदि उपस्थित रहे।

**कैराना।** शुक्रवार को राष्ट्र के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कस्बे के मुख्य मार्ग पर गोल मार्किट में स्थित पत्रकार संगठन कैराना के कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नपा चेयरमैन शमशाद अहमद अंसारी बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में पत्रकार संगठन कैराना के संरक्षक सुधीर चौधरी व महराब चौधरी के द्वारा मशहूर शायर, लेखक व वरिष्ठ पत्रकार रियासत अली ताबिश को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष संदीप इन्सां ने की, जबकि कुशल संचालन वरिष्ठ पत्रकार अंसार सिद्दीकी ने किया। इससे पूर्व, चेयरमैन के कर-कमलों द्वारा संगठन के कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार ताराचंद सैनी, सुनील धीमान, यूसुफ त्यागी, मेहरबान अली कैरानवी, एम। इकबाल हसन, डॉ। अजमतुल्लाह, डॉ। सलीम फारूकी, सलीम चौधरी, अब्दुल सत्तार, अहसान सैफी, महताब शानू, सालिम अंसारी, सन्नी गर्ग, आशीष सैनी, डॉ। अरशद चौधरी, अलताफ चौधरी, दीपक बालान, वाजिद अली, इरफान चौधरी, शेखर चौहान, फिरोज खान, पुनीत गोयल, नदीम चौधरी, फारूख-ए-आजम, शहनवाज अली, स्वदेश चौधरी, सुहैब खान, आरिफ अली, सलमान चौधरी, देव. राज चौहान तथा पालिका सभासद महबूब चौधरी, शादाब चौधरी, हारुण कुरैशी, एडवोकेट शगुन मित्तल, सागर गर्ग, इंतजार अंसारी, चौधरी कादिर, गुड्डू सिद्दीकी, उम्मेद राणा, चेयरमैन पुत्र उमर अंसारी, राहुल चौधरी, विनीत चौहान, अर्श चौधरी, अभय चौहान समेत भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**कैराना।** नगर एवं क्षेत्र में देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सरकारी व गैर-सरकारी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों में देश के सम्मान का प्रतीक राष्ट्रध्वज तिरंगा शान से फहराया गया।

शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश इंद्रप्रीत सिंह जोश ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने आजादी के इतिहास व महापुरूषों के बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न न्यायालयों में तैनात न्यायिक अधिकारी व अधिवक्तागण उपस्थित रहे। वहीं, तहसील परिसर में एसडीएम निधि भारद्वाज व तहसीलदार अर्जुन चौहान, नगरपालिका में पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी व ईओ समीर कश्यप, कोतवाली में सीओ श्यामसिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री, किलागेट चौकी में चौकी प्रभारी एसआई विनोद राघव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। दूसरी ओर मदरसा इशातुल इस्लाम में मौलन बरकतउल्ला अमीनी, मदरसा जामिया तुस्सादा में मौलाना इरफान, मदरसा फतहिया नगलाराई में मौलाना सलीम कासमी व गोल्ड कीज पब्लिक स्कूल में प्रबंधक राशिद अली चौहान व प्रधानाचार्य माजिद अली चौहान रष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।

**जलालाबाद।** नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर मलिक व सभासद ने नगर पंचायत प्रांगण में संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराय राष्ट्रगान गाया। इस मौके पर सभासद, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक शामिल रहे। जिसके बाद नगर पंचायत कार्यालय से तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। जिसमें जूनियर हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं व नेशनल पब्लिक इण्टर कालेज के एनसीसी के जवानों ने हर घर तिरंगा यात्रा में भाग लिया, 'भारत माता की जय','वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के नारे से नगर की हर गली व चौराहे गुंजायमान हो गए। ।तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए गांधी चौक पर पहुंची, जहां पर नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर मलिक एवं सभासद राकेश शर्मा, इसाक सैफी, संजू सैनी, धर्मवीर सैनी, रशीद मंसूरी, राशिद चौधरी, सुनहरा कोरी आदि सभासदों ने राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर ने नगरवा. सियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और नगर को स्वच्छ व सुंदर रखने का संकल्प लेने की अपील की। हर घर तिरंगा तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। स्कूल काले. जो में स्वतंत्रता दिवस पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रा. त कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति की। वशिष्ट विद्या मंदिर गांधी चौक में देवेंद्र शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया, उर्दू मकतब में प्रधानाचार्य शबाना सावेज द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जयंती प्रसाद प्राथमिक विद्यालय में प्रबंधक सुशील जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।गुरु नानक कन्या इंटर कालेज में अध्यक्ष लाला उपेंद्र गुप्ता, प्रबंधक देवेंद्र आर्य,राजू बजाज, ईशाक मलक,ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। नेशनल पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अदीब अहमद खान, ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में प्रबंधक चंद्रसेन चौधरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। जूनियर हाई स्कूल में प्रधानाध्यापक भूप सिंह,बीआरसी कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी राहुल धामा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पुलिस चौकी कार्यालय पर पुलिस चौकी प्रभारी पवन कुमार,पंजाब नेशनल शाखा पर बैंक प्रबंधक श्रेष्ठ,बिष्ट ने तिरंगा फहराया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा पर के प्रबंधक राशिद अली ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।विद्युत उपकेंद्र पर और अभियंता रविंद्र उपाध्याय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।










**शामली।** शहर के दिल्ली रोड़ स्थित शहीद वीर अब्दुल हमीद स्मारक पर 79वें स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व सभासद कालू कुरैशी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान अमर शहीदों को याद करते हुए उनको श्रद्धांजलि दी गई। चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया और देश की रक्षा की। ऐसे न जाने कितने नौजवान है, जिन्होने देश के लिए कुर्बानी दी है और हमे उनके बारे में जानकारी भी नही है। ऐसे में सभी वीर शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नही जा सकता है। इस अवसर पर भारत माता की जयकारे गुंजायमान रहे। इसके बाद शहीद स्मारक से तिरंगा यात्रा भी निकाली गई, जो विभिन्न स्थानों से होते हुए संपन्न हुई। मौके पर सभासद गुलजार मंसूरी, तोहिद रहमानी, संदीप कुमार, नौशाद राव, प्रमोद जांगिड, बोबी निर्वाल, राशिद अली, महबूब राणा आदि मौजूद रहे।

**शामली।** 79 वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष मे शहर के उधम सिंह स्टेडियम में जिला खंले कार्यालय शामली द्वारा क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन बालक बालिका वर्ग में भव्य रूप से आयोजित किया गया। जिसमें बालक वर्ग में 5 किलोमीटर व बालिका वर्ग में 3 किलोमीटर क्रांस कंट्री प्रतियोगिता हुई।

क्रांस कंट्री दौड के विजेता खिलाडियों को जिला युवा कल्याण विळभाग से सचिन पंवार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विजेता खिलाडियों को मेडल, ट्राफी, ट्रेकसूट प्रदान किए गए। उन्होने बताया कि बालक वर्ग में सादिब, अर्जुन, निखिल, गौरव, रिहान, आर्यन क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, व छठे स्थान पर रहे। वही बालिका वर्ग में श्रृष्टि, अनुराधा, गार्गी, राधिका, निधि, अलीजा क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, व छठे स्थान पर रही। इस अवसर पर खेलो इंडिया एथेलेक्टिस प्रशिक्षक भूपेन्द्र देव, सीनियर एथेटिक्स खिलाडी रवि शर्मा, कोच संजू रानी, प्रशांत मलिक आदि मौजूद रहे।

**शामली।** जिलेभर में राजनैतिक दलों द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए। पार्टी कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया गया। साथ ही देश के शहीदों को याद करते हुए उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

शहर के माजरा रोड़ स्थित समा. जवादी पार्टी के एमएलसी किरणपाल कश्यप ने अपने कार्यालय पर 79वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान सपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि शामली जिले से भी शहीद चौधरी मोहर सिंह जिनको तीन दिनों तक फांसी पर लटकाए रखा। स्वतंत्रता सेनाना ज्ञानदेवी धीमान के साथ 27 महिला, 270 पुरूष जिले के शहीद हुए। उनको याद करे। इस अवसर पर विकास कश्यप, गौरव कश्यप, डा. राजकुमार कश्यप, हरबीर कश्यप, जाकिर राणा, नरेश, जगमेहर, सुरेन्द्र, राजेन्द्र आदि मौजूद रहे। इसके अलावा बसपा द्वारा स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर बाबा साहब भीमराव अंबडेकर की मूर्ति पर ध्वजारोहण किया गया। मंडल प्रभारी जनेश्वर प्रसाद, जिलाध्यक्ष सुनील जाटव ने ध्वजारोहण किया। उन्होने देश के शहीदों को याद करते हुए उनकी कुर्बानी को भी याद किया। इस अवसर पर संदीप कुमार, हरपाल सिंह कश्यप, वीर सिंह मालैंडी, विक्रांत बर्मन, राजकुमार डाबरा, सुरेन्द्र कुमार, ब्रजपाल सिंह, महावीर सिंह आदि मौजूद रहे। रालोद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने ध्वजारोहण किया। देश के शहीदों को याद करते हुए विचार गोष्ठी आयोजित की गई। मौके पर विक्रांत उर्फ छोटा, जिला पंचायत सदस्य उमेश कुमार, विकास धीमान, देवानंद गौड़, डा. मुबारक अली आदि मौजूद रहे। भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर छलका गांव का दर्द कीचड़ भरी सड़कों से गुजरे मासूम बच्चे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** आजादी के 78 साल बाद भी थानाभवन क्षेत्र के कई गावों के वासी बदहाल जिंदगी जीने को मजबूर है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जहां देशभर में तिरंगे लहराए जा रहे थे, देशभक्ति के गीत गूंज रहे थे वहीं थाना भवन क्षेत्र के गांव सोंटा रसूलपुर से आई एक तस्वीर ने पूरे तंत्र की पोल खोल. कर रख दी।

मदरसे के छोटे-छोटे मासूम बच्चे, जिनके हाथों में तिरंगा और सीने पर तिरंगे की पट्टी थी, स्वतंत्रता दिवस की प्रभात फेरी निकालते हुए गांव की गलियों से गुजर रहे थे। लेकिन यह गली किसी सड़क जैसी नहीं, बल्कि दलदल और कीचड़ के ढेर जैसी नजर आ रही थी। जगह-जगह पानी भरा था, कीचड़ से लथपथ रास्तों पर बच्चे बड़ी मुश्किल से संतुलन बनाकर चल रहे थे। कुछ बच्चों ने नाक ढक रखी थी, तो कुछ अपने कपड़े बचाते हुए तिरंगे को भी थामे आगे बढ़ रहे थे।यह नजारा देखकर साफ जाहिर हो जाता है कि नेताओं के बड़े-बड़े भाषण और विकास के वादे जमीन पर पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं।ग्राम प्रधान, विधायक, सांसद, जैसे जनप्रतिनिधिओ के वादे हवा-हवाई दिखाई पड़ते है हालात जस के तस बने हुए है वोट मांगते वक्त नेता बड़े-बड़े दावे करते हैं। लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म होते हैं और कुर्सी मिलती है, सब कुछ हवा-हवाई हो जाता है। आम जनता और गांव की समस्याएं फिर से उसी अंधेरे में धकेल दी जाती हैं। गांव वासी अजीम राव का कहना है कि सड़क और नाली जैसी बुनियादी सुविधाएं यहां सालों से उपेक्षित हैं। बरसात होते ही गांव की अधिकांश सड़के कीचड़ और गंदगी से भर जाती है। बच्चों और महिलाओं को रोजाना भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। छोटे-छोटे बच्चे गंदगी से होकर स्कूल और मदरसे जाते हैं। बीमारी और मच्छरों का प्रकोप तो आम बात हो चुकी है।

लोगों ने नेताओं की जिम्मेदारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि हर चुनाव में नेता गांव-गांव जाकर वोट मांगते हैं। सड़क, नाली, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के वादे किए जाते हैं। लेकिन जैसे ही चुनाव जीत जाते हैं, वही नेता गांव का रुख तक करना भूल जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव सोंटा रसूलपुर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यहां कीचड़ भरी सड़कों पर चलना किसी सजा से कम नहीं है। आजादी के बाद भी अधूरी आजादी है।गांववालों का कहना है कि आजादी के दशकों बाद भी अब तक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। नेताओं के भाषणों में गांव के विकास की बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। आज भी गांव के लोग टूटी-फूटी सड़कों और गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं। तस्वीर ने प्रशासन को आईना दिखाया।सोंटा रसूलपुर की यह तस्वीर केवल एक गांव की नहीं, बल्कि उन हजारों गांवों की हकीकत है जो अब भी विकास से कोसों दूर हैं। ए तस्वीर बताती है कि आजादी के 78 साल बाद भी देश के कई हिस्सों में आजादी का मतलब सिर्फ वोटों की राजनीति बनकर रह गया है।












# सपाईयों ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा कार्यालय पर पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान के साथ जिलाध्यच चौ. अब्दुल वाहिद ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान देहात विधायक आशु मलिक का संदेश भी सुनाया गया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, वरिष्ठ युवा नेता फरहाद आलम गाडा, फैसल सलमानी, नुसरत साबरी, मांगेराम कश्यप आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

वही पूर्व मंत्री सरफराज खान के आवास पर स्वतंत्रता दिवस मनाकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी गयी। इस दौरान एमएलसी शाहनवाज खान, इसरार चौधरी, अमजद, प्रवेज खान, अदनान चौधरी आदि मौजूद रहे।





# ध्वजारोहण के साथ दी गई बेमिसाल प्रस्तुतियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व सांसद पद के प्रत्याशी इनाम अब्बासी भारतीय के देहरादून रोड खानआलमपुरा स्थित कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया जहाँ पूर्व सांसद पद के प्रत्याशी इनाम अब्बासी भारतीय, सांसद इमरान मसूद, एमएलए शाहनवाज खान ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस मौके पर अनुज शर्मा भारतीय सलमान भारतीय राजेश कुमार भारतीय विश्वास ठाकुर भारतीय सावन शिकारा भारतीयडॉ, अबसार भारतीय हाशिम अयाज भारतीय शादाब भारतीय अफजल भारतीय राहील भारतीय हारून भारतीय हाजी इरफान भारतीय हाजी सत्तार मोनू खान भारतीय अब्दुल ईशान भारतीय आदि मौजूद रहे।

काजमी कंपलेक्स अंबाला रोड ध्वजारोहण कार्यक्रम में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हाफिज गुफरान ने ध्वजारोहण किया।

पाइन हिल्स एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस अत्यंत धूमधाम और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। स्कूल प्रेसिडेंट सऊद खान ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि भारत की स्वतंत्रता अनगिनत वीरों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. खालिद अंसारी (एडवोकेट) ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी। प्रधानाचार्य सैयद मोहम्मद समीर ने विद्यार्थियों को संविधान और कानूनों के महत्व से अवगत कराया। संचालन मिस उरूज फातिमा ने किया। कार्यक्रम कि तैयारी में साद खान, अथर हुसैन, तैयब खघन मिस मनाहिल खघन और मिस सोफिया ने सराहनीय योगदान दिया।

आनन्द नगर स्थित बर्ड फ्लू स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य श्रीमति नीलफोर शम्सी, प्रबन्धक मौ. जमाल असलम, अध्यक्ष डा. मौ. खालिद ने अपने विचार रखे।









# जिलेभर में हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस





















**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलेभर में देश की आजादी का जश्न हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। देहात विधायक आशु मलिक के प्रतिनिधि प्रवेज मलिक ने विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण करते हुए आपसी एकता का संदेश दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद, महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, चौ. अब्दुल गफूर आदि मौजूद रहे।

आईआईए कार्यालय पर चैप्टर चेयरमैन गौरव चौपडा, रामजी सुनेजा, संजीव अरोडा, प्रमोद सढाना, आरके धवन, प्रमेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र मोहन कालडा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम मे सतीश अरोड़ा, एस. कुमार. अरोड़ा, अशोक गॉधी, के.एल.अरोड़ा, संदीप गुप्ता, प्ररमजीत सिंह, कुलदीप धमीजा, हरजीत सिंह, राजेश गुप्ता, अशोक छाबड़ा, अतीश गुप्ता, दर्शन कुमार गुप्ता, विनय दहूजा, अरविंद खन्ना, तन्मय सचदेवा, अनुज कुमार जैन, सुषमा बजाज, विकास मलिक, अवजीत सिंह छाबड़ा, राजकुमार कश्यप, सुनील अरोड़ा, रामनाथ शर्मा, गुलबशर, गौरांग अरोड़ा, नौशाद अली, प्रवीण कर्दम, अमित अरोड़ा, संजय यादव आदि के अलावा लगभग 70 पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। जामिया रहमत घघरौली आल इण्डिया मिल्ली यूथ आर्गेनाइजेशन के तहत ध्वजारोहण किया गया। मौलाना डा. अब्दुल मालिक मुगीसी ने ध्वजारोहण करते हुए कहा कि आजादी हमें सामुहिक प्रयास से मिली है।

**नागल।** कस्बे व देहात क्षेत्र में 79 वां स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी, अर्द्ध सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरित किया गया।

महर्षि दयानंद कॉलेज आफ एजुकेशन बडूली में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर, कालेज चेयरमैन मतलूब अहमद, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य शारिक मलिक एडवोकेट, प्राचार्य योगेंद्र पंवार, वासिल मलिक ने ध्वजारोहण किया। मुख्य रूप से डा अरविंद राठी,डा अक्षय कुमार, पूजा वालिया,अर्जुन कुमार, गुलफंशा, दीपांशी, पूजा,सैनी,दानिश मलिक, आदि उपस्थित रहे। इन्द्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही मे निदेशक अंजू वालिया ने ध्वजारोहण किया। मुख्य रूप से आशुतोष गुप्ता,डा कमल कृष्ण, विकास चौधरी आदि उपस्थित रहे।मुस्लिम फंड ट्रस्ट नागल शाखा पर मैनेजर साजिद हसन ने ध्वजारोहण किया और देश को आजाद कराने वाले शहीदों को याद किया। मुख्य रूप से मोहम्मद उस्मान, हाफिज इंतजार, हाफिज सलीम, मोमीन अली,सत्तार अली आदि स्टाफ मौजूद रहा।

राम कृष्ण परम हंस इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य जगपाल दत्त स्वामी ने ध्वजारोहण किया। मुख्य रूप से मेनपाल शर्मा,अमित कुमार, राजेन्द्र कुमार, प्रियंका, रंजीता आदि उपस्थित रहे।सोफिया इंटरनेशनल स्कूल में निदेशक कोणार्क चौधरी ने ध्वजारोहण किया। मुख्य रूप से प्रधानाचार्य मनोजकुमार अवस्थी,अर्पिता, केशव, राजेश कुमार, उर्वशी, हेमा, रजनी, सोनिया,मीनाक्षी, पारूल, शगुन, अभिषेक, अजय धीमान, आदि उपस्थित रहे। स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल में प्रधानाचार्य देवेन्द्र धवलहार ने ध्वजारोहण किया। नेशनल मॉडल इंटर कॉलेज में प्रबंधक वत्सराज त्यागी ने ध्वजारोहण किया।कालेज के छात्र छात्राओ ने कस्बे मे देश प्रेम से ओतप्रोत नारे लगाकर रैली निकाली।

सेंट थॉमस एकेडमी मे प्रधानाचार्य राकेश जोशी ने ध्वजारोहण किया। तेजस इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानाचार्य हेमंत अरोडा,प्रबंधक कपिल डावर ने ध्वजारोहण किया। छात्र छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पहाडपुर स्थित विद्यालय में समाजसेवी जोगेंद्र सैनी ने ध्वजारोहण किया। पनियाली कासिमपुर पंचायत कार्यालय पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरदार पवित्र सिंह व सचिव नैनसिंह सैनी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पंचायत सदस्य व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मेन बाजार स्थित व्यापार मण्डल कार्यालय पर संगठन के संरक्षक मिस्त्री फसीहउद्दीन, प्रांतीय मंत्री रमेश डावर, वरिष्ठ पत्रकार मनसब अली परवेज, चौधरी राजपाल सिंह, कपिल डाबर ने ध्वजारोहण किया।

इस दौरान चैयरमैन मानसिंह सैनी, फखरुद्दीन अली पप्पू, बिजेंद्र सिंह, बीरसिंह, मनमोहन सिंह, अनीस डावर, इरशाद अली, अमित गर्ग, सन्नी चौधरी, अनमोल अरोड़ा, सरदार जसपाल आदि उपस्थित रहे।

भाटखेडी रोड स्थित सब्जी मंडी स्थल पर सहकारी समिति चेयरमैन मान. सिंह सैनी, वरिष्ठ पत्रकार मनसब अली परवेज, कपिल डावर ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान बबलू सिद्धीकी, संजीव कश्यप, नौशाद अली, मोहम्मद तालिब, बीरसिंह, राजकुमार शर्मा, रईस अली आदि उपस्थित रहे।

**बेहट।** स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व को बड़े हर्षोल्लास एवं देश भक्ति भावना के साथ मनाया गया। तहसील भवन पर एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी मे दी गई। इस दौरान तहसीलदार विजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह देवेन्द्र कुमार सहित कर्मचारी एवं अधिवक्तागण मौजूद रहे। नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान बाबू ओमप्रकाश, चौधरी हिदायत के अलावा सभासद मास्टर जमील अहमद मुर्तजा रही फरहान पीरजादा,आदि मौजूद रहे। कोतवाली बेहट में सीओ मुनीश चन्द्र तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोपण कर सलामी दी गई। डिस्ट्रिक्ट कोपरेटिव बैंक बेहट पर डीसीबी चेयरमैन एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सोनेंद्र राणा ने ध्वजारोहण किए गया। ब्लॉक सड़ोली कदीम मुख्यालय पर ब्लाक प्रमुख चौधरी विश्वास एवं जिला पंचायत सदस्य चौधरी उर्फ रामू ने ध्वजारोहण किया धर्मसिंह जगदीश सिंह डिग्री कालेज में प्राचार्य डाक्टर विनय चौहान ने जनता इंटर कालेज में प्रबंधक अजय जैन एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चन्द सागर ने संयुक्तरूप से ध्वजारोहण किया गया और सलामी दी गई। गांव बरथा कोसी ग्राम सचिवालय भवन पर ग्राम प्रधान चौधरी रामकुमार ने, गांधी चौक पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील राजदेव ऊर्फ बिट्टू ने सेस एकेडमी स्कूल मे बॉबी कर्णवाल ने, मोहल्ला सड़कपार चौक पर सभासद आयशा एवं समाज सेवी टीपू सुल्तान ने,,एस एस जूनियर हाईस्कूल मे प्रबंधक सभासद मास्टर जमील अहमद ने ध्वजारोहण किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर शिक्षण संस्थाओं मे देश भक्ति भावना से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**पठेड।** क्षेत्र में 79 वा स्वतंत्रता दिवस सरकारी व प्राइवेट संस्थानों में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया व ध्वजारोहण किया गया। क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थान आरएलडी पब्लिक स्कूल पठेड में स्कूल के प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र धीमान ने ध्वजारोहण किया, महान स्वतंत्रता सेनानी चौधरी प्रताप सिंह के शहीद वीर स्मारक नारायणपुर में गोरखा दल के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी हरीश चेयरमैन ने ध्वजारोहण किया, उगरपुर स्थित महर्षि दयानंद गुरुकुल में गुरुकुल संस्थापक सोमप्रकाश आर्य ने, मुकंद लाल मेमोरियल स्कूल दौलतपुर मे सेठपाल सैनी ने शाकंभरी इंटर कॉलेज पंचकुआं में पदम सिंह पवार ने ध्वजारोहण किया।

**अम्बेहटा।** ग्राम पंचायत रनियाला दयालपुर के ग्राम ब्राहमण माजरा के रविदास मन्दिर के प्रांगण में दलित-मुस्लिम एकता मंच की ओर से 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया तथा दलित-मुस्लिम एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र कुमार बौद्ध ने अपने संगठन के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव शकील खान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मिथिलेश रानी, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री सरोज देवी तथा जनपद मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम सूफी सैलानी एंव जनपद बागपत के जिला सचिव आजाद राणा आदि के साथ स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में पहुँचे।

**रामपुर मनिहारान।** नगर पंचायत द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर भव्य रैली का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन श्रीमती रेनू बालियान,अधिशासी अधिकारी श्रीमती सविता वर्मा व चेयरपर्सन प्रतिनिधी-स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुलदीप बालियान की अगुआई में नगर पंचायत द्वारा भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान रविंद्र चौधरी, वरिष्ठ लिपिक देवेंद्र कुमार, जलकल प्रभारी रोहित चौहान,नदीम अहमद,आफताब मलिक,संदीप सैनी, अमित सैनी,नफीस सैफी आदि सभासद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रसिद्ध शिक्षण संस्था मदरलैंड पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रही और फीता काटकर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्या डॉ शालू भूर्यान, प्रबंधक सत्य संयम भूर्यान, चेयरपर्सन श्वेता सैनी भी बच्चों का हौसला बढ़ाया।

**खेडा अफगान।** देहात क्षेत्र में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। झंडारोहण ग्राम प्रधान नरेंद्र कश्यप और प्रधानाचार्य महिपाल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक महिपाल सिंह,संजय शर्मा,रविंद्र कुमार,मोनू कुमार,धर्मेश कुमार राजेंद्र सिंह तथा ग्राम प्रधान नरेंद्र कुमार,बालेश चौधरी,अनिल कुमार ढायकी,अनंगपाल ढायकी आदि ग्रामीण उपस्थित रहे। गंगोह ब्लॉक के गांव ढायकी निवासी चौधरी चूहड सिंह के बेटे स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्वर्गीय चौधरी पवन सिंह अमृत सरोवर पर जिला पंचायत सदस्य,वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील चौधरी,वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी पदम सिंह ढायकी और चौधरी अमर सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया।

**चिलकाना।** चिलकाना नगर के ए डी मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल, ग्राम कातला के ए डी मेमोरियल स्कूल में ध्वजारोहण स्कूल प्रबंधक सचिन जैन व प्रधानाचार्य शालू जैन ने किया। सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाया, देशभक्ति के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। नगर पंचायत कार्यालय अध्यक्ष फूलबानो अंसारी व भाजपा नेता जायर हुसैन चांद ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। मदरसा तालीमुल कुरान में ध्वजारोहण कारी मसरूर, हफीजुर्रहमान व सरफराज अली ने किया। थाना प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक चंद्रसेन सैनी ने ध्वजारोहण किया। जे जे इंटर कॉलेज मे प्रबंधन समिति के पदाधिकारी जयनाथ शर्मा व पवन सिंघल ने ध्वजारोहण किया। सरदार पटेल इंटर कॉलेज पटनी में प्रबंधक विनोद रावल ने ध्वजारोहण कर देश के शहीदों को याद किया तथा कालेज के छात्र छात्राओं को आजादी के बारे में बताया। अखिल भारतीय व्यापार मंडल अध्यक्ष युसूफ कुरैशी व थाना प्रभारी चंद्रसेन सैनी ने संयुक्त रूप से नगर के बस स्टैंड चौक पर ध्वजारोहण कर आजादी के वीर शहीदों को याद किया।

**तल्हेडी बुजुर्ग।** शुक्रवार को तल्हेडी बुजुर्ग कस्बे के शिक्षण संस्थानों भारतीय इंटर कालेज, कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल, राष्ट्र देव इंटरनेशनल एकेडमी, आदर्श इंटर कॉलेज, जनता हायर सेकेंडरी स्कूल और संस्कार भारती कॉन्वेंट स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

**नानौता**। नगर व देहात में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया नगर पंचायत कार्यालय में चैयरमेन रूमाना अफजाल खान ने ध्वजारोहण किया।थाना प्रांगण में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ प्रविंद्र कुमार, ब्राइट होम पब्लिक स्कूल में प्रिंसिपल मौहम्मद अहमद खघन, किसान सेवक इंटर कालेज में प्रधानाचार्य डा० प्रवीण कुमार, श्री रामकृष्ण इंटर कालेज में प्रधानाचार्य रितु रानी, मदरलैंड पब्लिक स्कूल में प्रिंसिपल मौहम्मद इसरार, हुकुम सिंह गर्ल्स डिग्री कालेज में चौयरमेन राज प्रताप सिंह, हर्ष मार्डन पब्लिक स्कूल में प्रिंसिपल ठाकुर दशरथ सिंह ने ध्वजारोहण किया इसके अलावा भी क्षेत्र में सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

















**बिहारीगढ।** निकटवर्ती ग्राम तेलपुरा स्थित देवभूमि शिक्षा सदन मे स्वतंत्रता दिवस पर प्रबंधक डॉ संजय कुमार सैनी के साथ अतिथि के रूप मे भारतीय किसान यूनियन तोमर के उत्तराखंड अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान,एवं ठाकुर कुशलपाल सिंह, ठेकेदार मोईन अली एवं आबिद अली ने सयुंक्त रूप से ध्वजारोहण किया। प्रबंधक डॉ संजय कुमार सैनी ने बच्चो को स्वतंत्रता एवं प्रभात फेरी के बारे मे विस्तार से बताया। वही बुग्गावाला मे शहीद स्मारक शिक्षा सन मे भी स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रवेज अहमद, परीक्षित काम्बोज, सावेज अली, अंकित कुमार, कपिल सैनी, प्रीति सैनी, मुस्कान काम्बोज, पारुल चौहान, जनेश कुमार, सहित बहुत से अभिभावक उपस्थित रहे।स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में जामिया उलूम उल कुरान मदरसा सतपुरा मे मुख्य अतिथि के रूप मे सुधीर प्रकाश सैनी ने धवजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मदरसा प्रबन्धक नाजिम साहब, मौलाना मौ. सलीम साहब मजाहिरी, हाजी जिन्दा हसन, मासुम ठेकेदार, डा. शौकिन, मौ. सुहैल, समाजसेवी दिलशाद मलिक, पंकज काम्बोज, आरिफ खान, शिवकुमार सैनी, जगपाल सैनी, राजू, अमित आदि मौजूद रहे।

**गंगोह।** शनिवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों के अलावा अन्य स्थानों पर ध्वजा रोहण किया गया। मुख्य समारोह गांधी चौंक में हुआ जहां ध्वजारोहण चेयरमेन साजिया बेगम व पूर्व चेयरमेन नोमान मसूद ने किया। जगन्नाथ इंटर कालेज व गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में उमेश गोयल व मेघगोपाल गोयल, पूरणमल रामलाल डिग्री कालेज में प्राचार्य पवन कुमार बंसल व सचिव विशाल मित्तल, लाला किशनचंद राजकीय महाविद्यालय में योगेंद्र गर्ग, हिंदू राष्ट्रीय इंटर कालेज में अध्यक्ष प्रवीण मित्तल व प्रबंधक योगेश गर्ग, उद्योग एंव व्यापार प्रति. निधि मंडल पर प्रदीप तायल, शिव चौंक स्थित व्यापार मंडल कार्यालय पर मोल्हड़ मल गर्ग, कोतवाली में सीओ शशी प्रकाश व कोतवाल पीयूष दीक्षित ने झंडा फहराया तथा परेड की सलामी ली।

शोभित विश्वविद्यालय में कुलपति डा. रणजीत सिंह, सीएचसी में डा. रोहित वालिया, हिरोज मेमोरियल इंटर कालेज, सी डी के आर मार्डन हाई स्कूल, मदरसा फैजुल उलूम में पालिका के पूर्व अध्यक्ष नोमान मसूद ने झंडा फहराया।

प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्या शालू चौधरी, लायंस क्लब गंगोह सेंट्रल कार्यालय पर अध्यक्ष दीपक बंसल, विश्वामित्र इंटरनेशनल स्कूल में पूनम शर्मा ने ध्वज फहराया। जवाहर गंज स्थित बाला विद्या मंदिर स्कूल में प्रधानाचार्य अर्चना शर्मा, राम कृष्ण मेहता इंटर कालेज में प्रबंधक ईष्वर दयाल गोयल, एनडी पब्लिक स्कूल मे रजनी राजपूत, कृष्णा इंस्टीट्यूट में प्रबंधक नीरज गोयल, वरुण गर्ग, मोनिका गोयल, प्राचार्य अनिल षर्मा व पूनम शर्मा, श्री राम बाग सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में उपाध्यक्ष राकेश तायल व रमेश गर्ग, सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल में मुकेश गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा कार्यालय पर उमा शर्मा, प्रैस क्लब कार्यालय पर अध्यक्ष भारत गर्ग, दलीप सिंह द्वारा राष्ट्रीय कन्या इंटर कालेज में संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया।

**सूचना**

मैने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम परी पसरिचा से बदलकर सिमरन पसरिचा रख दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**राजकुमार पुत्र ओमनाथ निवासी म.नं. डी-40 नियर भारत माता चौक, केशव नगर, नुमाइश कैम्प, सहारनपुर।**

**सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती तस्मीम पत्नी श्री गय्यूर द्वारा उनकी संपति को सेवा गृह ऋण लिमिटेड, सहारनपुर के पक्ष में बंधक रखा गया है, जो कि उप निबंधक, सहारनपुर सदर तृतीय, सहारनपुर, पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 7120, पृष्ठ संख्या 23 से 46, क्रमांक 6062, दिनांक 05.07.2022 में पंजीकृत है। उक्त बंधक विलेख के निष्पादनकर्ता श्री संजय कुमार पुत्र श्री सोहन लाल एवं श्रीमती बाला पत्नी श्री सोहन लाल हैं। संपत्ति का पता: आवासीय भूखण्ड, स्थित खसरा संख्या 245/2, मोहल्ला गढ़ी, कस्बा चिलकाना बाहर हदूद, परगना सुल्तानपुर, तहसील एवं जनपद सहारनपुर (उ.प्र.), क्षेत्रफल 86.42 वर्ग मीटर। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपति हो तो, वह इस प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिनों के भीतर संपर्क करें, अन्यथा उपर्युक्त बंधक को निर्विवाद मान लिया जाएगा।

**सोनू सिंह यादव एडवोकेट, सेवा गृह ऋण लि. सम्पर्क नं.**- 9324585156

# देश की आजादी में उलेमाओं का रहा अहम किरदार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्वतंत्रता दिवस पर विश्व विख्यात इस्लामी शिक्षण संस्था दारुल उलूम एवं दारुल उलूम वक्फ समेत दीनी इदारों पर झंडा फहराया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मदरसा छात्रों को स्वतंत्रता दिवस और उलमा की कुर्बानियों की जानकारी दी गई। दारुल उलूम की आजमी मंजिल परिसर में दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी ने ध्वजारोहण करने के उपरांत कहा कि जंग-ए-आजादी में दारुल उलूम, उलमा के किरदार और कुर्बानियों को कभी भूलाया नहीं जा सकता। दारुल उलूम वक्फ में मो. हतमिम मौलाना सुफियान कासमी, मदरसा जकरिया में मुफ्ती शरीफ खान, मदरसा मेराजुल उलूम में प्रबंधक मोहम्मद इब्राहीम, जामिया तुश शेख हुसैन अहमद अल मदनी में मोहतमिम मौलाना मुजम्मिल अली, जामिया कासमिया में कारी इब्राहीम, दारुल उलूम अशरफिया में मोहतमिम मौलाना सालिम अशरफ कासमी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। इनके अलावा अन्य दीनी इदारों में भी स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराया गया।

## करंट की चपेट में आने से युवती की मौत

**देवबन्द।** मोहल्ला खानकाह में गीले कपड़ों पर प्रेस करते समय करंट की चपेट में आकर सद्दी की बेटी नौशीन (17) की मौत हो गई। इससे परिवार में मातम पसर गया।

खानकाह स्थित कहूनी मस्जिद के पास रहने वाले सद्दी की बेटी नौशीन शनिवार को गीले कपड़ों पर प्रेस कर रही थी। इस दौरान वह करंट की चपेट में आ गई। परिजन उसे अलग-अलग चिकित्सकों के पास लेकर गए। लेकिन दोनों ही जगह उसे मृत घोषित कर दिया गया। अचानक हुई बेटी की मौत से माता-पिता समेत परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी होने पर सद्दी के घर लोगों का तांता लग गया। शाम में नौशीन को सुपूर्द-ए-खाक किया।

# ट्रेन के सामने कूदकर मां बेटी ने आत्महत्या का किया प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ट्रेन के सामने कूदकर मां बेटी ने आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि युवकों ने किसी तरह मां को बचा लिया।

पति द्वारा तलाक दिए जाने के तनाव से गुजर रही महिला ने शुक्रवार शाम अपनी मां के साथ रणखंडी रेलवे फाटक स्थित सहारनपुर की ओर से आ रही ट्रेन के सामने कूद गई। हालांकि इस दौरान वहां महिला और उसकी मां से बात कर रहे युवक ने किसी तरह उसकी मां को ट्रेन के सामने जाने से पहले ही पकड़ कर खींच लिया। लेकिन वह बेटी को नहीं बचाया जा सका। प्रत्यादर्शियों के मुताबिक महिला अपनी मां के साथ रेलवे क्रॉसिग फाटक के निकट काफी समय से टहल रही थी। इस दौरन एक युवक लगातार उनसे बात कर रहा था। लेकिन जैसे ही सहारनपुर की तरफ से ट्रेन आई तभी महिला ट्रेन के सामने कूद जाने से ट्रेन से कटकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि इस दौरान युवक ने उसकी वृद्ध मां को बचा लिया। मृतक महिला नगर स्थित एक प्रतिष्ठित व्यापारी की पुत्री है। जिसे कुछ समय पूर्व उसके पति ने तलाक दे दिया था। जिसके चलते वह काफी समय से तनावग्रस्त थी।

**महिला की मौत के बाद सूचना मिलने पर जीआरपी और सिविल पुलिस मौके पर पहुंच गई। लेकिन महिला के शव को लेकर दोनों में सीमा विवाद हो गया। जिसके चलते शव सील होने के बाद भी एक से डेढ़ घंटे तक वहीं पड़ा रहा। सिविल पुलिस का कहना था कि जिस एरिया में महिला ने आत्महत्या की है वह जीआरपी के अंतर्गत आता है। लेकिन रेलवे पुलिस कर्मियो का कहना था कि यह क्षेत्र सिविल पुलिस का है। जबकि परिजन बिना किसी कार्रवाई के शव उनके सुपुर्द करने की मांग कर रहे थे। हालांकि देर शाम सिविल पुलिस ने ही महिला के शव का पंचनामा कर उसे परिजनो के हवाले किया।**

# शिक्षण संस्थाओं में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विभिन्न शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया।

मदनी टेक्निकल इंस्टीट्यूट में मुस्लिम फंड ट्रस्ट के प्रबंधक सुहैल सिद्दीकी, पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में सुहैल सिद्दीकी और प्रधानाचार्य सबा हसीब सिद्दीकी, सिप्रंग डेल पब्लिक स्कूल, फैजान हॉस्पिटल और ग्लोबल नॉलेज पार्क में चेयरमैन साद सिद्दीकी व को-चेयरमैन अहमद सिद्दीकी, बेनिसन स्कूल में प्रबंधक नदीम चौधरी, शाइस्ता चौधरी और प्रधानाचार्य श्रीकांत चौधरी ने संयुक्त रुप से ध्वजारोहण किया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मोहल्ला खानकाह स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य इफ्फत फातमा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।



# हर्षोल्लास से मना नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतंत्राता दिवस, देशभक्ति कार्यकर्मों की दी प्रस्तुतियां










**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सरकारी व राजनितिक दलो के कार्यालयों पर ध्वजारोहण करने के साथ ही शिक्षण संस्थाओं में आयोजित कार्यक्रमो में बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी।

एसडीएम कार्यालय पर उपजिलाधिकारी युवराज सिंह ने ध्वजारोहण किया। नगरपालिका परिसर में चेयरमैन विपिन गर्ग ने झंडा फहराया इस दौरान पालिका सभासद व कर्मचारी शामिल रहे। जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सचिव डा. अख्तर सईद, मेपल्स एकेडमी में प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी, केएल जनता इंटर कालेज में प्रबंधक दीपकराज सिंघल व प्रधानाचार्य राजकुमार, दून वैली पब्लिक स्कूल में चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता व प्रधानाचार्य सीमा शर्मा, इस्लामिया डिग्री कालेज में चेयरमैन डा. अजीमुल हक सिद्दीकी, दून हिल्स एकेडमी में प्रबंधक डा. प्रदीप वर्मा व डायरेक्टर तनुराज वर्मा, नवाज गर्ल्स स्कूल में प्रधानाचार्य फौजिया खान, श्री रामकृष्ण योगाश्रम इंटर कालेज में प्रबंधक साध्वी आशु व प्रधानाचार्य अरुण गोयल, सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सैनी, भायला डिग्री कालेज में अध्यक्ष ठा. श्याम कुमार रावत, सचिव कंवरपाल सिंह और निदेशक बीएस यादव, माइल स्टोन स्कूल में प्रबंधक देवीदयाल शर्मा, आईआईएचटी पैरामेडिकल नर्सिंग कालेज में डायरेक्टर डा. कुलदीप राणा, इस्लामिया इंटर कालेज में प्रबंधक रिजवानुलहक व प्रधानाचार्य अरशद जमा, आरके पब्लिक स्कूल में राजेश चौहान व प्रधानाचार्या मो. निका कपूर, एचएवी इंटर कालेज में प्रधानाचार्य हेम सिंह, एसके हैप्पी स्कूल में प्रधानाचार्य रेनू जोशी, उधर, कॉग्रेस कार्यालय पर प्रदेश सचिव व प्रभारी राहत खलील ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश से जुड़े व्यापारियों ने अनाज मंडी स्थित कार्यलय पर झंडा फहराया। इस मौके पर अध्यक्ष दीपक गर्ग, श्रम प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिलशाद चार्ली, मनमोहन गर्ग, विष्णु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**मुजफ्फरनगर।** प्रबन्ध निदेशक तसलीम उल हक द्वारा सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया गया तथा स्वतंत्रता दिवस के सम्बन्ध में अपने विचार रखे कि हमें कितनी कुर्बानियों के पश्चात स्वतंत्रता प्राप्त हुई तद:पश्चात प्राचार्य प्रोफेसर मुश्ताक हुसैन, प्रोफेसर, अन्सारी, स. के गोयल, प्राचार्य डूडल किड्स मैडम स्वाती, मौलवी मौ. इमरान कासमी ने आजादी के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट किए तथा छात्र मो. शाकिर मन्सूरी, सलमान, मौ. अहमद, इस्माईल, रियासत अहमद, शगुफ्ता यासमीन त्यागी, अलीना नाज़ ने उक्त विषय पर सहभा किया उक्त प्रोग्राम को सफल बनाने में काउसंलर सैय्यद अरीब उल हक, मौ. अमजद, मौ. इकराम, सुबोध प्रकाश शर्मा, मौ. नबील, अहमद, दयाहांकर यादव, मौ. फाज़िल आदि का योगदान रहा।



### द. एस डी. पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** द. एसडी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अच्युतम केशवम भजन से हुई, जिसके बाद बच्चों ने कृष्ण और राधा के जीवन पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण, गोप-गोपियों और वासुदेव-देवकी की वेशभूषा धारण कर, अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या मती नीलम माहना जी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने जन्माष्टमी के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को शुभकामनाएं दी और सभी को भगवान कृष्ण के प्रेम, दया और साहस के संदेशों को अपनाने की प्रेरणा दी।



**मुजफ्फरनगर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर, 10 रूडकी रोड, मुजफ्फरनगर के प्रांगण में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। संस्थान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्र / छात्राओ द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता, बाइक / साइकत रैली, म्यूजिकल कान्सर्ट, सांस्कृतिक एवं देश-भक्ति से प्रेरित कार्यक्रम, तिरंगा क्रिएटिविटी, रील विडियो मेंकिग प्रतियोगिता एवं हर घर तिरंगा सेल्फी अभियान भी आयोजित किया गया। संस्थान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सभी शिक्षक, चिकित्सक, नॉन टीचिंग स्टॉफ, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भगवान की तरह पूजनीय हैं क्रांतिकारीः शिवकुमार शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कसेरूखेड़ा व्यापार संघ के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम मैन बाजार कसेरू खेड़ा में किया गया। कसेरूखेड़ा व्यापार संघ के ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज सेवी शिवकुमार शर्मा एवं एवं भाजपा कार्यकर्ता राजीव रस्तोगी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया किया। इस अवसर पर बोलते हुए शिवकुमार शर्मा ने कहा कि 15 अगस्त एक सामान्य तारीख नहीं बल्कि यह दिन उन सभी वीर शहीदों को नमन करने का दिन है जिन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए हमें यह आजादी दिलाई उनकी शहादत, उनका संघर्ष, और उनका बलिदान हमारे देश की नींव है इन वीर क्रांतिकारियों के कारण ही आज हम एक स्वतंत्र और गौरवपूर्ण राष्ट्र के नागरिक हैं। शिवकुमार शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से हम घर में देवी देवताओं की पूजा करते हैं उसी प्रकार से हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों की भी पूजा करनी चाहिए। भाजपा कार्यकर्ता राजीव रस्तोगी ने कहा कि हमारा तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं है, बल्कि यह उन सपनों का प्रतीक है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज धस्माना, अजय रस्तोगी जियालाल सहित क्षेत्र के समस्त व्यापारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया आजादी का पर्व

**बहसूमा।** नगर व क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस समारोह विभिन्न स्कूल, संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयो में बड़ी धूमधाम एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के गीतों पर अपने प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। वहीं स्कूल की ओर से अच्छे कार्यक्रम करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं मैडल देकर पुरस्कृत किया गया। नगर के समीप स्थित डीपीएम पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के सचिव जगदीश त्यागी ने भारत माता की जय के जोशीले नारों के साथ समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है। जिसकी आत्मा इसकी संस्कृति, सभ्यता और एकता में बसती है। आने वाला भारत विज्ञान, शोध और नवाचार के क्षेत्र में विश्व का मार्गदर्शन करेगा।

मोड़खुर्द के समीप स्थित डीमोंटफोर्ट अकादमी में स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी उत्सव बड़े धूमधाम और हर्ष के साथ मनाया गया। स्कूल की निर्देशिका डॉक्टर गरिमा वर्मा एवं प्रधानाचार्य डॉ समीर वर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेने तथा भारतीय संस्कृति के अमूल्य धरोहर को सहेजने का संदेश दिया।

रामराज में स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल रामराज में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर सिम्मी सहोता एवं प्रधानाचार्य आमिर खान ने किया। । नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम नें सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कराया।

वहीं नगर में स्थित श्रीमनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह, डॉक्टर अनिल कुमार, प्रधानाचार्या भावना चौधरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह ने भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद के जोशीले नारों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

वहीं सदरपुर में स्थित ज्ञानश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री अंकुर राणा, अध्यक्ष विनय देशवाल, सचिव मोहित तोमर, प्राचार्य ज्योति अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। सभी शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके चरित्र पर प्रकाश डाला।

नगर पंचायत कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें चेयरमैन सचिन सुकड़ी, पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, समाजसेवी सुमित चहल आदि ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और हर नागरिक को स्वतंत्रता दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

# गापा ने क्षेत्रीय कार्यालय पर किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के क्षेत्रीय कार्यालय पर शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के मेरठ में रहने वाले सभी राष्ट्रीय, प्रांतीय पदाधिकारी एवं जिला कार्यकारिणी उपस्थित रही। संस्था के ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी सरोजनी अग्रवाल के साथ संस्था के संरक्षण दयाचंद वर्क, राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष यशपाल सिंह ने संयुक्त रूप से मिलकर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात पूर्व एमएलसी सरोजनी अग्रवाल ने कहा कि हमें कभी भी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नहीं भूलना चाहिए उन्हीं की कोशिशों के कारण भारत आजाद हुआ था। संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क में कहा कि 15 अगस्त केवल एक तारीख नहीं बल्कि एक ऐतिहासिक दिन है इस दिन भारत को आजादी मिली और भारतवर्ष अंग्रेजों के गुलामी से मुक्त हुआ था।

राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने कहा कि आजादी की गाथा को हमें अपनी नई पीढ़ी को भी बताना होगा की किस प्रकार हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों में अपनी कुर्बानी देकर भारत को आजाद कराया। संस्था के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीकांत अस्थाना ने भी वीर क्रांतिकारियों की गाथा सुनाई संस्था के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी यशपाल सिंह ने भी कहा कि आजादी के पावन दिन पर हम हम सभी उन क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने आजादी लड़ाई में हिस्सा लिया।

ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव अशोक सोम, राष्ट्रीय लेखाकार मनोज कश्यप, प्रदेश महामंत्री अभिषेक द्विवेदी जिला अध्यक्ष संजीव तोमर, जिला महामंत्री शिवकुमार शर्मा, महानगर अध्यक्ष पंकज शर्मा, महानगर महामंत्री विपिन हरित, शाहिद, वसीम खान राशिद, संदीप कुमार, पूर्व पार्षद नरेंद्र यादव, मनमोहन ढल सहित काफी संख्या में पत्रकार एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# हादसे में युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव कम्हेड़ा निवासी, युवक की पानीपत मे हुए सड़क हादसे मे मौत हो गयी। युवक की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है। गमगीन माहौल मे युवक को सुपुर्दे खाक किया गया।

ककरौली थाना क्षेत्रा के गांव कमहेड़ा निवासी 22 वर्षीय मोहसिन पुत्रा सिराजुद्दीन हरियाणा के सोनीपत में अलमारी,संदूक बनाने का काम करता था।शुक्रवार को काम के लिए वह छोटे भाई मोनिस को लेकर बाइक द्वारा सोनीपत जा रहा था।तभी रोहतक-पानीपत हाईवे पर थाना व कस्बा इसराना के निकट बोलेरो गाड़ी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों भाई सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उनको एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भतह्न कराया। जहां चिकित्सकों ने मोहसिन को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल मोनिस का उपचार जारी है। मोहसिन की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक छा गया। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव गांव पहुंचा। जहां गमगीन माहौल मे उसे सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मोहसिन के पिता सिराजुद्दीन ने बताया कि चार महीने बाद उसकी शादी होनी थी। युवक की मौत से मां परवीना, बहन मो. हसिना, तनिषा, भाई मोईन, मोनिस, सोनिब व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गृह क्लेश में युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

**मुजफ्फरनगर।** पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। मृतक दो बच्चों का पिता था और एक दिन पहले ही वह पत्नी के साथ ससुराल गया था। वहीं से उसके साथ विवाद शुरू होना बताया जा रहा है। परिजनों ने इस सम्बन्ध में मृतक के ससुरालियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए तहरीर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है।

मन्सूरपुर थाना क्षेत्र के गांव बेगरा. जपुर निवासी 30 वर्षीय विपिन पुत्र धीर सिंह मजदूरी करता था, उसकी शादी करीब 30 वर्ष पूर्व तितावी थाना क्षेत्र के गांव नंगला में हुई थी। विपिन दो बच्चों का पिता था बताया जाता है कि शुक्रवार को वह अपनी ससुराल अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ गया था। परिजनों का कहना है कि शुक्रवार की शाम विपिन के परिजनों ने उन्हे सूचना देकर बताया कि विपिन की तबीयत खराब है। परिजनों के अनुसार वह समझ चुके थे कि विपिन के साथ कोई घटना हुई है।

ससुराल के लोगों ने जब विपिन के परिवार को गांव आने के लिए कहा तो उन्होंने इंकार कर दिया था। इसके बाद ससुराल के लोग विपिन को बेगरा. जपुर चौकी पर छोडकर चले गये। घर आने पर परिजनों ने देखा कि विपिन के शरीर पर चोटो के निशान थे। परिवार के कहने पर भी उसने अपन बारे में कुछ नही बताया। शनिवार की सवेरे परिजनों को खबर मिली थी कि विपिन का शव बेगराजपुर रेलवे की नई लाईन के पास पड़ा हुआ है। पहचान होने के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

विपिन के परिजनों ने बताया कि ससुराल से आने के बाद वह दिमागी रूप से परेशान था, लेकिन पूछे जाने पर उसने कुछ नही बताया। परिवार के लोगों ने जब यह आरोप लगाया कि ससुराल के लोगों के उत्पीडन से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। एक तरफ जहां परिवार के लोग आत्महत्या के लिए मजबूर करना बता रहे है तो दूसरी इसको हत्या भी बता रहे है। फिलहाल पुलिस ने लगाये गये आरोपों की तहरीर लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया और जांच शुरू कर दी है। उधर ससुराल के लोग सभी आरोपों को गलत ठहरा रहे हैं।

## यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव बने आमिर

**बुढ़ाना।** आजादी पर्व पर कांग्रेस हाईकमान ने संगठन सृजन कार्यक्रम के चलते संगठन को मजबूत करते हुए यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आकाश त्यागी द्वारा बुढ़ाना निवासी मोहम्मद आमिर उस्मानी को जिले की टीम में जिला महासचिव नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से कस्बे के युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। युवाओं ने आमिर उस्मानी के आवास पर पहुंचकर मुबा. रकबाद दी। इस अवसर पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डाक्टर जावेद उस्मानी, जिला उपाध्यक्ष अनिल दत शर्मा और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इमरान जिया ने आमिर उस्मानी को मुबारक. बाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मुबारकबाद देने वालों में मुख्य रूप से कलीम उस्मानी, नाजिम अहमद और सलीम अहमद आदि लोग उपस्थित थे। दूसरी और युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश त्यागी ने बुढ़ाना ब्लाक अध्यक्ष नूर अंसारी, विधानसभा बुढ़ाना अध्यक्ष गुलबीर कश्यप, जिला उपाध्यक्ष मुस्तुफा अहमद व आदिल राणा को जिला महासचिव के पद पर नियुक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### समर्पण ट्रस्ट ने फहराया तिरंगा

**मुजफ्फरनगर।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सेवा समर्पण वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा 79 वे स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया इस अवसर पर सेवा समर्पण वेलफेयर ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष रेनू चौधरी ने तिरंगा फहराकर व तिरंगे को सलामी देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय ध्वज हम भारतीयों की आन बान शान है इसलिए हमें अगर अपना बलिदान भी देना पड़े हम कभी पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से रेनू, सीमा गोयल, गीता ठाकुर, रीना जैन पिंकी बंसल, आशा, शालू आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्तता बाबू स्वतंत्रवीर आर्य का निधन

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवकता बाबू स्वतंत्र वीर आर्य का आज शनिवार के दिन आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थे। उनका पैतृक गांव राजपुर छाजपुर है। जहां रविवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। इनके निधन से सभी अधिवकताओं मे शोक की लहर दौड़ गयी। श्री आर्य काफी दिनों से किसी सदमे के चलते बीमार चल रहे थे। सोमवार के दिन बार एसोसिएशन बुढ़ाना के कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन किया जाएगा और मृतक के परिजनों को सांत्वना देने के लिए काफी अधिवकता गांव राजपुर छाजपुर जाएंगे। यह जानकारी बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी और महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने संयुकत रूप से दी है।

### दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया

**मीरापुर।** लीव इन रिलेशनशिप में रह रही एक युवती ने युवक पर विवाह न करने का आरोप लगाकर उसके विरूद्ध दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मीरापुर के मौहल्ला नमक मंडी निवासी शाहरूख पुत्र इकबाल नोएडा में जॉब करता था वहीं सुल्तानपुर निवासी एक युवती से इसकी मुलाकात हुई। मुलाकात बढते बढते प्रेम प्रसंग में बदल गई तथा दोनो लीव इन रिलेशनशिप में नोएडा में मकान लेकर रहने लगे। एक वर्ष तक रिलेशनशिप में रहने के बाद युवती ने युवक पर विवाह करने का दबाव बनाया लेकिन युवक ने मना कर दिया। इसके बाद युवती मीरापुर थाने आ गई और युवक के विरूद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा लिया। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवती को मेडीकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

### गायब हुए युवक को पुलिस ने किया बरामद

**मोरना।** नाटकीय अंदाज मे घर से गायब हुए युवक को पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंप दिया वहीं युवक के अपहरण के फर्जी मामले मे अभियुक्त बने व्यक्तियों ने साजिश कर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

थाना भोपा क्षेत्र के भोकरहेड़ी निवासी नेपाल का बेटा रजनीश बीते 11अगस्त को अपने मामा के यहां जाने के लिए बाइक पर सवार होकर निकला था। सिकंदरपुर - रहमतपुर के निकट उसकी बाइक खेत के निकट पड़ी हुई मिली थी। इस संबंध में नेपाल ने गड़वाड़ा के पूर्व प्रधान बिट्टू आदि पर अपहरण का मुकदमा कायम कराया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गायब युवक रजनीश को अमृतसर से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इस संबंध में बिट्टू प्रधान ने भी प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें आरोप लगाया है कि एक साजिश के तहत उनके विरुद्ध मुकदमा कायम कराया गया है। आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**मीरापुर।** कस्बे व क्षेत्र में 79वा स्वतंत्रता दिवस हर्षाल्लास से मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया व स्कूलो में सांकृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। घर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सभी नगरवासियों ने अपने घरो पर शान से तिरंगा लगाया।

मीरापुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कलो में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन किये गये तथा कस्बे में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिस कारण कस्बे में देशभक्ति का माहौल बना रहा। स्कूलो में बच्चो को उपहार व मिठाईयां बाटी गई। ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य दीपक धीमान ने, शिखर शिक्षा सदन में पं. सुशील शर्मा ने, बसंत इंटर कालेज में अंजु नागर ने, मदरसा इस्लामिया जामिया में थाना प्रभारी बबलू कुमार व चेयरमैन जमील अहमद ने, सुक्खन लाल कन्या इंटर कालेज में अजय कुमार गोयल ने, श्रीराम पब्लिक स्कूल में सीमा संगल ने, किड्स केयर पब्लिक स्कूल में मंजू डागा ने, एम.एस. पब्लिक स्कूल में नमिता संगल ने, सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में वैभव कुमार ने, सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य सोनू कुमार ने, नन्ही दुनिया जू.हा. स्कूल में वासुदेव शर्मा ने, सनातन धर्म इंटर कालेज में डा. विकास कुमार ने, नगर पंचायत में चेयरमैन जमील अहमद ने, थाना परिसर में थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने, शारदा पब्लिक स्कूल सिकंदरपुर में डा. प्रवीण शर्मा ने, मदरसा खैरूल उलूम मुझेडा व प्राथमिक विद्यालय मुझेडा में डा. आजाद अब्बासी ने ध्वजारोहण किया।

### खैर की लकडी के तस्कर गिरफ्तार

**मीरापुर।** पुलिस ने लकडी तस्करो के खिलाफ अभियान चलाकर पाँच शातिर लकडी तस्करो को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, छियासी हजार रुपये नकद, एक कुल्हाड़ी, लोहे का आरा, तीन मोबाइल फोन और सफेद रंग की स्विफ्ट कार बरामद की। मीरापुर थाना प्रभारी निरीक्षक बबलू सिंह के नेतृत्व में पुलिस सम्भलहेडा नहर पुल के निकट चौकिंग कर रही थी। उसी दौरान एक कार में पांच संदिग्ध युवक पुलिस को आते हुए दिखाई दिये। पुलिस ने उन्हे रोककर पूछताछ की तो उन्होने संतोषजनक जवाब नही दिया। इसके बाद पुलिस उन्हे थाने ले आई जहां पर कडी पूछताछ के बाद आरोपियों ने बताया कि उन्होने कासमपुर खोला के जंगल से प्रतिबंधित खेर के पेड चोरी काटने कर उनकी तस्करी करना कुबूल कर लिया।

# शुकदेव इण्टर कॉलेज में आजादी का जश्न मना

**मोरना।** 79 वे स्वतंत्राता दिवस के अवसर मोरना भोपा क्षेत्रा में स्कूल, कॉलिज, सरकारी कार्यालयों, शहीद स्मारको पर तिरंगा फहराया गया। राष्ट्रगान के उपरांत देश भक्ति का संदेश दिया गया। तथा स्कूल कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी।

मोरना स्थित महर्षि शुकदेव इंटर कॉलेज में प्रबन्धक वरूण कुमार व प्रधानाचार्य फूलचन्द्र ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया, जिसके उपरान्त छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्राीय मंत्राी अमित राठी, रालोद के मीरापुर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. अमित ठाकरान, राजीव राठी, बबलू यादव, विरेन्द्र सिंह, अनुज पहलवान,परिक्षित राठी, मनीष कुमार, सुन्दर गुर्जर सपा विधानसभा अध्यक्ष सादिक चौहान, रजनीश यादव ने बच्चों का उत्साह बढाया। वहीं हाईस्कूल में हर्षित प्रथम, खुशी द्वितीय, खुशी तृतीय व इंटरमीडिएट कला वर्ग में अशमिका, मोनी, खुशी व विज्ञान वर्ग में इशिका, तनु व खुशी को कॉलेज में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान करने पर मुख्य अतिथि अमित राठी व अमित ठाकरान द्वारा सहयोग राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं नगर पंचायत भोकरहेडी में अध्यक्षा सरला देवी व पूर्व चेयरमैन राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात नगर पंचायत परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन पुत्रा सचिन कुमार, प्रेमसिंह, अफजल काजी, सभासद मुस्तकीम अब्बासी, संजीव शील,मरगूब मलिक, भूपेन्द्र वाल्मीकि, सुभाष आदि मौजूद रहे। मोरना स्थित इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में विराज तोमर, जे.पी.एस. पब्लिक स्कूल में कृष्णकांत शर्मा, इंटर कॉलेज भोकरहेडी में प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी व प्रबन्धक डॉ. कर्णवीर सिंह, मदरसा जामिया शैखुल इस्लाम में मुफ्ती फरीद, सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल जटमुझेडा में प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी, न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल जटमुझेड़ा में चेयरमैन विनय कुमार, स्वामी कल्याणदेव ओमानन्द गर्ल्स डिग्री कॉलेज बेहडा सादात में प्रबंधक अमित पंवार,किसान मजदूर इंटर कॉलेज चौरावाला में प्रधानाचार्य पंकज महेश्वरी, एस.डी. पब्लिक स्कूल, ककरौली में प्रधानाचार्या अंजु शर्मा, आर.जी. पब्लिक स्कूल चौरावाला में प्रधानाचार्या बबीता कौशिक, प्राथमिक विद्यालय भोकरहेडी नं. 1 में सभासद राहुल गर्ग, मदरसा इजहारूल उलूम भोकरहेडी में मोहतमीम मौलाना अहमद हसन व मौलाना फरमान ने ध्वजारोहण किया।

## सफीपुर पट्टी में थम नहीं रहा गायों की मौत का सिलसिला

**बुढ़ाना।** ग्राम पंचायत सफीपुर पटी में आज शुक्रवार के दिन सुन्दर डेरी के पीछे एक मृत गाय पडी थी। जिससे बदबू के चलते हुए आसपास के कुछ लोग परेशान होकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के बुढ़ाना नगर अध्यक्ष इसरार प्रधान के पास पहुंचे और उनको मृत गाय के संबंध यूं बताया तो उन्होंने तुरंत ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर इससे अवगत कराया तो अधिकारियों ने तुरंत मामले का संज्ञान लेते हुए मौके पर तुरंत कर्मचारियों को भेजा और जेसीबी मशीन से गहरा गड्ढा खुदवाकर मृत गाय को दबवाया और आने जाने वाले राहगीरों को राहत दिलाई। बताया जाता है कि लगभग डेढ़ माह में भूख प्यास से इस क्षेत्र में अब तक तीन आवारा पशु दम तोड चुके हैं। एक गाय 13 जुलाई को तहसील के पीछे मृत मिली थी और दूसरी गाय 27 जून को सफीपुर पटी मंदवाडा रोड पर मृत अवस्था में मिली थी। कुल मिलाकर रोगी शासन में सफीपुर पटी में गायों की बड़ी ही दुर्दशा हो रही है और अधिकारी कोई भी ठोस कदम उठाने को तैयार नहीं दिखते।

# वैल्किन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की धूम मची

**भोपा।** न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास, एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के अध्यक्ष, विनय कुमार उपाध्यक्ष, के. के. आनंद, प्रबंधक, दुष्यंत कुमार, एवं प्रधानाचार्य मनीष कुमार व सीमा द्वारा ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के साथ हुआ। तालियों के बीच ध्वजारोहण, झंडा गान तथा देशभक्ति के सामूहिक गीतों के पश्चात, छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों से उपस्थित दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

विद्यालय के उपाध्यक्ष, के. के. आनंद ने दोनों कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस का दिन केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि हमारे कर्तव्यों और देश के प्रति जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में देशभक्ति के साथ-साथ, रचनात्मकता और स्वच्छ व स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती हैं

कार्यक्रम को सफल बनाने में रीना चौधरी ,विजय शंकर शर्मा, जितेंद्र त्यागी, पंकज त्यागी,मीना त्यागी, गार्गी चौधरी , रजत धीमान, अलका शर्मा, सोनिया, पार्वती, प्रिया मित्तल, वैशाली, साक्षी, मोनू धीमान, विपुल सहरावत, कपिल देव, निरवेश कुमार, पवन कुमार, अनुराधा, प्रदीप, सनी काकरान, एश्वनी, हिमांशी, तनु, श्रद्धा, वंशिका, मोनिका, नीलम, दीपा, सुमन, मुस्कान, खुशबु, भूमिका, अभिषेक, आशीष आदि का सहयोग रहा ।

# शत्रु सम्पत्ति बेचने की शिकायत पर गांव पहुंची अधिकारियों की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** शत्रु सम्पति पर अवैध कब्जा कर दो व्यक्तियों द्वारा उसे अपनी पत्नियों को बेंच देने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सीकरी गांव मे पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने आवश्यक पूछताछ की।

थाना भोपा क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी गुलाम मोहम्मद ने उपजिलाधिकारी जानसठ को शिकायत पत्रा देकर बताया की गांव के खसरा नंबर 1991शत्राु सम्पत्ति है। जिसपर दो व्यक्तियों ने अवैध रूप से कब्जा कर उसका बैनामा अपनी पत्नियों के नाम करने के कारनामें को अंजाम दिया है। शिकायतकर्ता गुलाम मोहम्मद ने बताया की बार बार शिकायत के बावजूद प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

वहीं बुधवार को तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता नायब तहसीलदार बृजेश कुमार राजस्व निरिक्षक सुनील कुमार आदि ने मौके पर जाकर निरिक्षण किया। सुनील शर्मा ने बताया की दोनों पक्षों को भूमि संबधित दस्तावेज देने तथा दोनों पक्षों को तहसील कार्यालय, शत्राु सम्पत्ति कार्यालय पर मे आकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। जिसके बाद अधिकारियो द्वारा जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# जीडी गोयनका स्कूल में ध्वजारोहण कर दिया देशभक्ति का संदेश

**मुजफ्फरनगर।** जी.डी.गोयनका पब्लिक स्कूल में स्वतंत्राता दिवस का राष्ट्रीय पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पवन गोयल तथा अन्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान गाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ स्वाति शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपनी ओज पूर्ण वाणी के द्वारा छात्रों को आजादी के महत्व के विषय में बताते हुए कहा कि आज हम सब अपने जिस तिरंगे के नीचे खड़े होकर उसआजादी का जश्न मना रहे हैं,उसके लिए हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया।यह स्वतंत्रता हमें एक दिन में नहीं मिली। इसके पीछे दशकों तक संघर्ष,बलिदान और त्याग की लंबी कहानी है। तत्पश्चात अतुलनीय भारत विषय के अन्तर्गत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का अयोजन भी किया गया।जिसके अंतर्गत कक्षा नर्सरी - यूकेजी के छात्रों ने विभिन्न राज्यों के परिधान पहनकर प्रदर्शन किया ,कक्षा एक के छात्रों ने राष्ट्रीय चिह्नों से युक्त वस्त्रों का प्रदर्शन किया एवं कक्षा दो के छात्रों ने विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा धारण कर अपनी -अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गानें जैसे -'जहाँ डाल -डाल पर सोने की चिड़िया.........., कंधो से कंधे मिलते हैं.......... पर नृत्य,गीत ,भाषण व शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए एक भावनात्मक नृत्य नाटक का आयोजन किया ,जिसने कार्यक्रम में उपस्थित सभी की आँखे नम कर दी। संपूर्ण कार्यक्रम ने सभी दर्शकों को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया।




इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एवं समिति के अन्य सदस्य सुशील गोयल , कपिल गोयल, मुनीश गोयल, सुलभ गोयल व शाश्वत गोयल ने छात्रों को संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए उनके मंगल भविष्य की कामना की।विद्यालय की उप प्रधानाचार्या अंजलि आनंद ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया तथा कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है जिसे हमें आपसी मतभेदों को भुलाकर एक साथ देश के सभी नागरिकों को राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाना चाहिए व अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते रहना चाहिए ताकि हम एक सच्चे देशभक्त कहलाएँ। कार्यक्रम के समापन समारोह में पतंग उड़ाने की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों एवं अभिभावकों ने विशेष रूप से बढ़-चढ़ भाग लिया।

# दुर्गनपुर, लुहसाना, छाजपुर, भसाना व उमरपुर समेत दर्जनों गांवों में किया जनसंपर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे के फैज गार्डन में शुरु होने जा रही पीडीए जन महाप. ंचायत की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

महापंचायत में सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। महापंचायत को पूर्ण रुप से सफल बनाने के लिए पिछले माह से सपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों व कस्बों का दौरा कर लोगों से महाप. ंचायत में आने की अपील कर रहे हैं। इसी कडी में सपा नेता व महापंचायत के आयोजक सत्येंद्र पाल ने शनिवार को बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के गांव सरनावली, खरड़, कुरावा, दुर्गनपुर, लुहसाना, छाजपुर, भसाना, उमरपुर, हडोली, भौंराकला व गढमलपुर सागड़ी सहित अन्य कई गांवों में पहुंचकर अपने कारों, ट्रेक्टर और बाइकों के लंबे काफिले के साथ धुआंधार जनसंपर्क किया और लोगों से डोर टू डोर जनसंपर्क करते हुए कई नुक्कड़ सभाएं भी की।



सभी लोगों से उनके द्वारा आग्रह किया गया कि वे 17 अगस्त की पीडीए महापंचायत में भारी जनसमूह के रुप में पहुंचे और सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के विचारों को सुनकर महापंचायत को सफल बनाएं। इस दौरान सपा जिला सचिव अनेश निर्वाल, रविन्द्र प्रधान, अमन बालियान, रविन्द्र पाल, सचिन कुमार, फ़िरदौस, राहुल, साहिब अंसारी, मासूम अली, रमेश कश्यप, सुमित प्रजापति, मनोज बालियान, जितेंद्र बालियान, रोबिन पाल और अमित पाल आदि सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना परिसर में लगे रकतदान शिविर में कुल 50 लोगों ने ही रकतदान किया।

रकतदान कैंप का उद्घाटन बुढ़ाना नगर पंचायत की चौयरपर्सन के प्रतिनिधि और डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमेन सुबोध त्यागी ने अपने कर कमलों द्वारा सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में फीता काटकर किया। उन्होंने अपनी स्वेच्छा से रकतदान करने आए नेशनल मेडलिस्ट शूटर मौहम्मद हैदर अंसारी का स्वागत कर उनको मेडल व गिफ्ट देकर सम्मानित किया और कहा कि हमें समय समय पर रकतदान अवश्य करते रहना चाहिए। इससे हम स्वस्थ्य रहते हैं और दूसरों का जीवन भी बच जाता है। शूटर हैदर अंसारी ने बताया कि उन्होंने रकतदान देश के नाम पर किया है। सभासद इमरानध कुरैशी ने रकतदान के बारे में कहा कि आपका दान किया हुआ रकत किसी की भी जान बचा सकता है। इसलिए हमें समय समय पर रकतदान करते रहना चाहिए। इससे शरीर भी स्वस्थ्य रहता है और ताजा खून बनता रहता है। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से सभासद नसीम अहमद, पूर्व सभासद राशिद मंसूरी, तनवीर कुरैशी, अशरफ कुरैशी, शराफत और सभासद राशिद भूरु कुरैशी सहित सैंकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान यहां पर प्रत्येक रकतदाता को एक से एक कीमती उपहार भी भेंट किए गये।

# आईपीएल में देश के शहीदों को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इण्डियन पोटाश लिमिटेड की इकाई रोहाना कलां शुगर मिल में 79वें स्वतन्त्रा दिवस के उपलक्ष में देश के शहीदो की

याद में बड़ी धूम-धाम से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख लोकेश कुमार के करकमलो द्वारा झण्डा रोहण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इकाई प्रमुख लोकेश कुमार को अरुण मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने अपनी सुरक्षा कर्मियों के साथ परेड की सलामी दी। प्रतिभाग करने वालो को इकाई प्रमुख द्वारा पुरस्कार वितरण किया।




उक्त कार्यक्रम में आर0के0 तिवारी विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन एवं विधि), अरविन्द कुमार विभागाध्यक्ष(गन्ना), पंकज बालियान विभागाध्यक्ष (उत्पादन), तरूण कुमार गौड़ प्रबन्धक (लेखा), राम अभिलाष उप निरीक्षक आबकारी, नरेश कुमार रस्तौगी चीफ इंजी. (सिविल), प्रमोद आन्नद चीफ इंजी (विद्युत), संजीव चौधरी उप प्रबन्धक (गन्ना), चिन्तराम गौतम उप अभि0, रजत चौधरी सहा0प्रबन्धक (आईटी), प्रमोद कृष्ण त्रिपाठी सहा0 प्रबन्धक (विक्रय), कुबेर दत्त शर्मा लैब इंचार्ज, अरूण कुमार मुख्य सुरक्षा अधिकारी, अमित कुमार, पंकज शर्मा, दिलीप पाण्डेय आदि अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# आजादी के जश्न में डूबे तहसील, स्कूल व सामाजिक संगठन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों और सामाजिक संगठनों में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। तहसील, कोतवाली, नगर पालिका, सीओ कार्यालय, त्रिवेणी शुगर मिल, सीएचसी खतौली समेत सभी सरकारी दफ्तरों और स्कूलों में ध्वजारोहण कर आजादी का पर्व मनाया गया।

**मोक्ष धाम सेवा समिति:**मोक्ष धाम सेवा समिति (रजि.) खतौली में संरक्षक रूपचंद जांगिड़ व अध्यक्ष वेद प्रकाश अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मिठाई वितरण हुआ। कार्यक्रम में प्रबंधक मदन छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संजय जैन, वैभव जैन, तरुण सूरी, कमल गर्ग, राजीव अग्रवाल, प्रणय शर्मा, शिव कुमार, राकेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**लाल दयाल पब्लिक स्कूल:**लाल दयाल पब्लिक स्कूल में स्वतंत्राता दिवस का जश्न धूमधाम से मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष कर्मवीर सिंह ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि संस्था की सचिव चंद्रलेखा रहीं। बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें देख सभी झूम उठे। प्रधानाचार्य शिल्पी कुमार अरोड़ा, अध्यक्ष कर्मवीर सिंह और सचिव चंद्रलेखा ने बच्चों को पुरस्कृत किया। वहीं अध्यक्ष कर्मवीर सिंह ने एक प्रतिभाशाली बच्ची को स्कॉलरशिप प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।

**तहसील बार एसोसिएशन:**खतौली तहसील बार एसोसिएशन ने भी स्वतंत्राता दिवस धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि ग्राम न्यायालय खतौली के न्यायाधिकारी दिव्य प्रताप सिंह निमेश व अधिवक्ताओं ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। महासचिव प्रदीप कुमार ने लड्डू वितरण कर शुभकामनाएं दीं। न्यायाधिकारी ने कहा कि अधिवक्ताओं ने स्वतंत्राता संग्राम में अहम योगदान दिया है। हमें आजादी के साथ देश की एकता और विकास का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर बार के कई वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।



**लायंस क्लब खतौली:**लायंस क्लब खतौली ने टैगोर जूनियर हाई स्कूल में स्वतंत्राता दिवस मनाया। क्लब अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता व सदस्यों ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम उपरांत बच्चों को उपहार दिए गए। इस मौके पर सचिव पीयूष जैन, संयोजक आनंद जैन, डॉ. अशोक सिंघल सहित लायंस क्लब के सभी सदस्य व लायनेस साथी उपस्थित रहे।

# सांसद ने पीडीए जन महापंचायत सफल बनाने का किया आह्वान

**बुढ़ाना।** सपा राष्ट्रीय महासचिव व सांसद हरेंद्र मलिक ने सपा बुढ़ाना नगर अध्यक्ष ताज ज़िया नंबरदार के आवास पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से भेंट की और कस्बे के फैज गार्डन में 17 अगस्त को होने वाली पीडीए पंचायत को लेकर विस्तृत चर्चा की। यहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नगर के लोग मौजूद थे।

सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि सपा सदैव किसानों, मजदूरों, नौजवानों व गरीब वर्ग की आवाज़ उठाती रही है। भविष्य में आप सब पंचायत संगठनात्मक गतिविधियों को मज़बूती से आगे बढ़ायें और समाजवादी विच. ारधारा को घर घर तक पहुंचाये। समा. जवादी पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो जनता के दुख दर्द को समझते हुए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती है। इस मौके पर उन्होंने पीडीए पंचायत से जुड़े बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सक्रियता और एक जुटता ही पार्टी की असली ताक़त है। नगर अध्यक्ष ताज ज़िया नंबरदार ने सांसद हरेंद्र सिंह मलिक का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि नगर इकाई समा. जवादी पार्टी को बुढ़ाना में और अधिक मज़बूत करने के लिए सतत प्रयासरत रहेगी। उन्होंने कहा कि नगर के सभी साथी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और मेहनत से संगठन को मज़बूत करेंगे। यहां ज़िला एवं नगर इकाई के कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान शजाउद्दीन पूर्व वाइस चेयरमैन, नौशाद काला पूर्व सभासद, मन्नू कुरैशी, आसिफ कुरैशी, अल्ताफ कुरैशी, तौसीफ राही आदि लोग मौजूद रहे।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शहीदों की कुरबानी को न भूलेः इमरान



मलिक, फराज अंसारी, हाजी मुन्ना, खुर्शीद, दीपू, इजहार मंसूरी इत्यादि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया।

विभिन्न क्षेत्रों में सांसद इमरान मसूद ने कहा कि हमें अपने शहीदों की कुर्बानियों को नही भूलना चाहिए। उन्होने कहा कि हमें बडी मुश्किलों से यह आजादी मिली है। जिसकी कीमत यदि हम नही समझे तो भविष्य में पछताना पडेगा। मानक मऊ जिला कार्यालय गुरुद्वारा रोड खान आलमपुरा चौकी सराय घास कांटा अरबी मदरसा खाता खेड़ी इंदिरा चौक पक्का बाग इत्यादि जंगह झंडा रोहन के दौरान सपा एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, इरशाद चौधरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा, विवेक कांत, संदीप चौधरी, हमजा मसूद, गुलफाम अंसारी, समीर अंसारी, अरशद जमाल, बल्लू अंसारी, मुरसलीन

## उल्लेखनीय कार्य करने वाले को सम्मानित किया

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरी ने शॉल ओढ़ाकर व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। गौशाला क्रे श्रेष्ठ प्रबंधन और 26 गौ-उत्पादों के साथ निगम की कान्हा उपवन गौशाला की राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान बनाने के लिए गौशाला प्रभारी डॉ.संदीप मिश्रा, टैक्स की आय में वृद्धि के लिए कर निर्धारण अधिकारी सुश्री श्रुति माहेश्व. री व कर अधीक्षक सुधीर शर्मा के अलावा निगम में ई-आफिस व्यवस्था के क्रियान्वयन में सहयोग के लिए लिपिक दीपक वर्मा, नितिन कुमार, अनुज सैनी, अपार गुप्ता, आलोक सैनी, रामकुमार आदि को सम्मानित किया।

# ध्वजारोहण अस्मिता, एकता व संकल्प का प्रतीकः चौ.किरत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह ने गर्वपूर्वक क्रय-विक्रय सहकारी समिति, रामपुर मनिहारान में राष्ट्रध्वज फहराया।



विधायक किरत सिंह ने कहा तिरंगे की हर लहर हमें देशभक्ति, त्याग और सेवा की याद दिलाती है। यह ध्वजारोहण केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता, एकता और संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने सभी से राष्ट्रीय पर्व पर एकजुट होकर देश को विकास, एकता और समर्पण की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम में क्रय-विक्रय समिति के चेयरमैन शीशपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह,अवतार माही समिति एवं इफको के सभी कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नगर आयुक्त ने लगाये विभिन्न प्रजापति के पौधे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने नगर निगम के रायवाला स्थित पद्मश्री कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर उद्यान में नीम, आंवला आदि अनेक प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इससे पूर्व उन्होंने उद्यान में ध्वजारोहण भी किया।

उन्होंने कहा कि आजादी का पर्व हम स्वच्छ वातावरण और स्वस्थ तन-मन के साथ मना सके इसके लिए पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण किया जाना आवश्यक हैं। ताकि आने वाली पीढी स्वच्छ वातावरण में जी सके। उनके अलावा अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त जेपी यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप शर्मा, अधिशासी अभियंता जल वी बी सिंह व पार्षद नीरज शर्मा सहित शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने भी पौधारोपण किया।

# आजादी की कीमत पहचानेः बेनीवाल



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** बसपा कार्यालय पर राष्ट्रीय कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल ने ध्वजारोहण करते हुए देश के शहीदों को नमन किया।

उन्होने कहा कि हमें अपनी आजादी की कीमत को पहचानना होगा। इस दौरान मुख्य मण्डल प्रभारी नरेश गौतम, जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह, पूर्व मंडल कोऑर्डिनेटर लोधी कुमार, नगर अध्यक्ष अनिल धारिया, उपाध्यक्ष गुलफाम अंसारी, सचिव संगीता, सेक्टर अध्यक्ष जय सिंह, रामभूल, उस्मान कुरैशी, विजय, संजय शर्मा दिनेश वशिष्ठ मौजूद रहे।

# अफसरों संग मौलाना फरीद ने ली रूट मार्च की सलामी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में घंटाघर पर नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, सीओ सिटी नगर प्रथम अशोक कुमार सिसोदिया और जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद मजाहिरी ने रूट मार्च की सलामी ली।

सिविल डिफेंस के पूर्व चीफ वार्डन और रूट मार्च कार्यक्रम के संयोजक एवं सहारनपुर ट्रांसपोर्टर ऐसोसियेशन के अध्यक्ष ब्रित चावला और वर्तमान में सिविल डिफेंस के चीफ राजेश जैन एवं डॉ शाहकार खान के नेतृत्व में सकुशल संपन्न हुआ।

# डा. कर्णसिंह सैनी ने किया झांकियों का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**गागलहेड़ी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिरों में श्रीकृष्ण के जन्म पर आधारित झांकियो की धूम रही। प्राचीन शिव मंदिर में कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ कर्ण सिंह सैनी व एसओ प्रवेश शर्मा ने किया। किशोर एन्ड पार्टी के भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर किया।

कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर की सजावट आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ कर्ण सिंह सैनी व एसओ प्रवेश शर्मा ने पूजन व ज्योत प्रज्वलित कर किया। किशोर एन्ड पार्टी द्वारा प्रस्तुत भजन व राधा कृष्ण की झांकी ने श्रद्धालुओ को झूमने पर मजबूर किया। पं मदनगोपालाचार्य ने कान्हा को स्नान आदि कराया, संरक्षक सतीश आढ़ती, महामंत्री महेंद्र धीमान ने पूजन व आरती की।



आयोजन में अध्यक्ष मोहनलाल मेहंदीरत्ता, शोभाराम पाल, अश्वनी मित्तल, प्रमोद पाल, मा कंवरपाल, सतपाल, परमेश यादव, अनमोल माहेश्वरी, चेतन शर्मा, हर्ष गुप्ता,आदि का सहयोग रहा। क्षेत्र में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

# पीडी गर्ग समेत कई विभुतियां सम्मानित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने कहा कि हम मिलजुलकर देश के लिए महान कार्य कर सकते हैं। हर व्यक्ति का कर्तव्य बनता है कि वह देश के लिए काम करे।

उन्होंने 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कहा कि जब परिवार, दोस्त और देश मिलकर जिम्ममेदारी से काम करते हैं, तो वे महान कार्य हो जाता है। इस मौके पर शहर के वरिष्ठ होम्पैथिक डॉ. पीडी गर्ग सहित कई गणमान्य लोगों को अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. पीडी गर्ग, पद्मश्री चौधरी, सेठपाल, सुरेंद्र सिंघल ,शीतल टंडन, डॉ. पंकज खन्ना सहित कई लोगों को अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान अपर आयुक्त भानू प्रताप, अपर आयुक्त रमेश यादव, प्रशासनिक अधिकारी कर्णपाल, पीए अरविंद चौधरी, नाजिर अमित जैन सहित कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। एक-दूसरे को मुंह मीठा कराकर स्वतंत्रता दिवस बधाई दी गई।

# आपसी एकजुटता पर दे जोरः मयंक



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** सर्किट हाउस रोड स्थित धार्मिक एकता ट्रस्ट ने पिछले गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कार्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण मयंक शर्मा भारतीय व कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने संयुक्त रूप से झंडा फहराया और एकजुटता का पाठ पढाया।

# डीआईजी अभिषेक ने दी झंडे को सलामी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस उपमहा. निरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई।

पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा संविधान में निहित संकल्प का स्मरण कराते हुए सभी पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को देश सेवा की शपथ दिलाई गई। ध्वजारोहण एवं शपथ ग्रहण के पश्चात, पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय ने सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को मिष्ठान वितरण कर स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए डीआईजी ने कहा कि यह दिन हमारे देश के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है।

अहले वतन को यौमे आजादी की दिली मुबारकबाद

फर्रूख जमाल

पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत धानवा, ब्लाक गंगोह, जनपद सहारनपुर



# हाजी फजलुर्रहमान ने फहराया एनएमसी में झंडा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नेशनल मेडिकल कालेज में एक विशाल और शानदार कार्यक्रम का आयोजन डॉ असलम प्रिंसिपल एन एम सी की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें मुख्यातिथि पूर्व सांसद फजलुर्रहमान रहे। संचालन करते हुए प्राचार्य डॉ असलम ने कहा कि हमे अच्छे राजनेता बनना चाहिए। जिलाध्यक्ष मांगे राम ने एन एम एस की सेवाओं को सराहना की और इसके लिए आगे भी हर संभव मदद करने का वचन दिया। पूर्व सांसद हाजी फललुर्रहमान ने कहा कि हमे देश को एक मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए सजग रहना चाहिए। सभा के अंत में मौलाना वहीदुद्दीन खां साहिब की आध्यात्मिक और शांति उत्पन्न करने वाली पुस्तके सभी मेहमानों को प्रेजेंट की गई। कार्यक्रम के अंत में डॉ असलम ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को

हार्दिक बधाई

स्टार पेपर मिल्स लिमिटेड

आई.एस.ओ. 9001:2015 (क्यू.एम.एस.), आई.एस.ओ 14001:2015 (ई.एम.एस.) एवं आई.एस.ओ. 45001:2018 (ओ.एच.एस.एम.एस.) कम्पनी

सहारनपुर-247001 (उ.प्र.), दूरभाष: 0132-2714101-10(30 Channels)

9720108126,9720108127,9720304447,9720304437

फैक्स:+91-132-2714225, ई.मेल: star.sre@starpapers.com











सभी देश व क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

चौधरी विकास

वरिष्ठ भाजपा नेता गांव डूभर, सहारनपुर

## व्यापारियों ने तिरंगा यात्रा निकाली

**तीतरों।** कस्बे के व्यापारियों ने स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा निकाली।

तिरंगा यात्रा सालियर चौराहे से शुरू होकर मेंन बाजार से होती हुई नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंची। तिरंगा यात्रा में सभी व्यापारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान डीजे पर देशभक्ति के गीत बज रहे थे। ढोल ढमाकों के बीच निक. ाली गई यात्रा में मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस दौरान देवेंद्र अग्रवाल, समीर अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, सतीश सैनी, सालिम, फतेयाब खान, राजू शर्मा, प्रदीप सेन, सभासद राजेंद्र कश्यप, रामकुमार कश्यप, बलराज देशवाल, कमल कश्यप, चौधरी ओम सिंह, सुभाष उपाध्याय, अंकित शर्मा, शाहबाज खान, सचिन उपाध्याय, नेपाल सिंह, संदीप सैनी, शिवकुमार आदि सहित सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे।

# जनमंच में देशभक्ति की शानदार प्रस्तुति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनमंच प्रेक्षागृह में एक भव्य और प्रेरणादायक देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन के कुशल संयोजन में किया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर विधायक राजीव गुंबर, चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन, उपनियंत्रक कश्मीर सिंह, नगर शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा, और डिप्टी चीफ वार्डन हंस राज सैनी ने संयुक्त रूप से किया। दीप प्रज्वलन समारोह में वरिष्ठ समा. जसेवी महेंद्र तनेजा, डॉ. कुणाल जैन, समाजसेवी रश्मि टेरेस और एडीसी दिनेश कुमार, सुषमा बजाज हिंदुस्तान स्काउट गाइड के राज्य सचिव मनोज सिंधी ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डॉ राजवीर वर्मा, सपना सिंह, आर्यावर्त



जज रहे।

वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र तनेजा, रविंदर मिगलानी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. कुणाल जैन और समाजसेवी रश्मि टेरेस को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही नगर और सिविल लाइन प्रभाग से अमित जैन, राजेंद्र कुमार, अरुण सुरी, शमीम अहमद, मोहम्मद खालिद, सुहेल अख्तर को स्मृति चिन्ह दिया गया, संचालन नरेश सैनी तथा सह संचालन अशोक सैनी और डॉक्टर एमपी चावला ने किया। इस मौके पर राकेश जैन, दीपक गुप्ता, पवन सिंघल, सरफराज खान, आमिर खान एडवोकेट, अर्चना रानी, खालिद सिद्दीकी, अरुण सुरी ,मनोज चौधरी, राजवीर वर्मा, मेहरबान अंसारी, निमेष जैन, शमीम अहमद, सहीराम, दीपक जैन, रमाकांत, वसीम अख्तर आदि मौजूद रहे।

# आईएमए कार्यालय पर ध्वजारोहरण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** आईएमए भवन पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस पर महापौर डॉ अजय सिंह एवम आईएमए अध्यक्ष डॉ नरेश नौसरान ने ध्वजारोहण किया।

आईएमए अध्यक्ष डॉ नरेश नौसरान ने कहा कि हमेशा देशहित में कार्य करें और मरीजों की सेवा को देशसेवा ही समझे।प्रत्येक नागरिक को सस्ता और सुलभ इलाज प्रदान करना भी देशप्रेम ही है। मेयर डॉ अजय सिंह ने सभी चिकित्सक समुदाय द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और शहीदों को नमन किया।

सचिव डॉ महेश चन्द्रा, कोषाध्यक्ष डॉ विकास अग्रवाल,डॉ प्रवीण मित्तल,डॉ इंदिरा भार्गव,डॉ वी के भार्गव,डॉ मोहन पांडे,डॉ अतुल जैन,डॉ महेश गोयल,डॉ जेके मनचंदा,डॉ उदयराज,डॉ रविकांत निरंकारी,डॉ विक्रांत,डॉ मनदीप सिंह,डॉ डी के गुप्ता,डॉ नीरज आर्या, डॉ नरेश सैनी,डॉ सी एस चोपड़ा,डॉ अनिल भल्ला,डॉ हिमांशु गुप्ता,डॉ अमित त्यागी,डॉ जी बी लाल आदि उपस्थित रहे।

# पाक में बाढ़ का कहर, मृतकों का आंकड़ा 300 के पार

## खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचाई



■ सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचा दी है। कई दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने अब तक 300 से अधिक लोगों की जान ले ली है। प्रांतीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अचानक आई बाढ़ में 307 लोग मारे गए, जिनमें से बुनेर में कम से कम 184 लोगों की मौत हुई।

शांगला में 36 लोगों की मौत हुई, जबकि मनसेहरा में 23, स्वात में 22, बाजौर में 21, बट्टाग्राम में 15, लोअर दीर में पांच, जबकि एबटाबाद में एक बच्चा डूब गया। शुक्रवार को आई विनाशकारी बाढ़ ने सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। डान की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ के दौरान लापता हुए लोगों की संख्या का पता पानी कम होने के बाद ही चल पाएगा। पीडीएमए ने नुकसान का आकलन जारी रखते हुए बताया कि सात घर नष्ट हो गए और 38 क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से ज्यादातर स्वात जिले में हैं। पीडीएमए ने आगे बताया कि तीन स्कूल नष्ट हो गए और तीन अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। डान की रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि प्रांत के विभिन्न हिस्सों में 21 अगस्त तक बारिश जारी रहेगी। खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने शनिवार को एक दिन के शोक की घोषणा की है। इसमें बचाव अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए एमआई-17 हेलीकाप्टर के चालक दल के पांच सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई, जो शहीद हो गए। अचानक आई बाढ़ के बाद बुनेर जिले में बचाव दल की 1122 टीमों ने 300 स्कूली बच्चों समेत 2,071 फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उपायुक्त काशिफ कय्यूम ने बताया कि आपदा प्रभावित इलाकों में राहत कार्य जारी रहने के कारण पूरे जिले में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। मनसेहरा में दपुलिस ने कघन घाटी के ऊपरी इलाकों में फंसे सात पर्यटकों को बचाया। वे सिमिक्सर झील घूमने आए थे, लेकिन बारिश और भूस्खलन के कारण फंस गए। पूरे दिन जिले में बारिश होती रही, जिससे सिंधु, सिरेन और कुनहर नदियां और उनकी सहायक नदियां खतरनाक रूप से उफान पर आ गईं। जिला प्रशासन ने सिरेन घाटी में पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सिंधु नदी में जल स्तर बढ़ने के कारण स्थानीय अधिकारियों द्वारा उचार नाला क्षेत्र में काराकोरम राजमार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान के बीच यात्रा करने वाले यात्री और पर्यटक ऊपरी कोहिस्तान में फंस गए। एबटाबाद शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ, लगभग सभी मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। पीएमए काकुल रोड, मीरपुर मंडियन रोड, सप्लाई रोड, काराकोरम हाईवे, सेठी मस्जिद रोड, इकबाल रोड, बांदा दलाजक, बांदा खैर अली खान रोड, त्रकाना और सिएना लैबोरेटरी के पास लिंक रोड सहित प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं। निचले दीर के कंबट और शाही इलाकों के दूसरी तरफ पानी का बहाव तेज होने के कारण शाही इलाके में 25 से ज्यादा पर्यटक और उनके वाहन फंस गए। फ्रंटियर कोर 181 विंग, रेस्क्यू 1122 और जिला प्रशासन के जवानों ने उन्हें बाहर निकाला। बाढ़ का पानी 132 किलोवाट ग्रिड स्टेशन में घुस गया, जिससे 41 फीडर ट्रिप हो गए और पूरे क्षेत्र में बिजली का प्रसारण पूरी तरह ठप हो गया। मालम जब्बा को बिजली आपूर्ति करने वाला फीडर भी जलमग्न हो गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अचानक आई बाढ़ में कई बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर भी बह गए।



अलास्का। एंकोरेज में संयुक्त बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन में अपनी बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

## लेबनान के प्रधानमंत्री ने की हिज्जबुल्लाह की गृहयुद्ध की धमकी की निंदा

**बेरूत।** लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने हिज्जबुल्लाह नेता नईम क़ासिम के समूह को निरस्त्र करने के सरकार के फैसले को लेकर गृहयुद्ध की धमकी दिए जाने की निंदा की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर अपने वीडियो पोस्ट में कहा कि कासिम के भाषण में गृहयुद्ध की छिपी हुई धमकी थी और ये धमकियां पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। उन्होंने उन दावों को भी निराधार बताया कि लेबनानी सरकार 'एक अमेरिकी-इज़रायली परियोजना' चला रही है। उन्होंने कहा कि हमारे फ़ैसले पूरी तरह से लेबनानी हैं, जो हमारी मंत्रिपरिषद के भीतर लिए गए हैं और कोई भी इन्हें हम पर थोपता नहीं है। इससे पहले कासिम ने शुक्रवार को इजरायली हमले के जवाब में कहा था कि हिज्हजबुल्ला अपने हथियार नहीं छोड़ेगा और जरुरत पड़ने पर युद्ध के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजर में भारी बारिश से 23 लोगों की मौत, 21 घायल

**नियामी।** नाइजर में मूसलाधार बारिश से इस वर्ष अब तक 23 लोगों की मौत हो गई है और अन्य 21 लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय अग्निशमन समूह के कमांडर ने यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल अली अब्दुल अजीज ने कहा कि बारिश के कारण 3615 घर ढह गए और 5855 परिवार विस्थापित हो गए जिससे कुल 42559 लोग प्रभावित हुए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान या उसके बाद वे जलमार्गों को पार करने, जल निकासी मार्गों को अवरुद्ध करने, संभावित खतरनाक क्षेत्रों में रहने तथा अस्थाई आश्रयों में रहने से बचें।

### विदेश सचिव विक्रम मिस्री कल दो दिन की यात्रा पर नेपाल जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार को नेपाल की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि मिस्री की दो दिन की यह यात्रा नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर हो रही है। मंत्रालय ने कहा है कि भारत तथा नेपाल के बीच मज़बूत और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं और दोनों देशों के बीच हाल के वर्षों में सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में ठोस प्रगति हुई है।

### कनाडा में जंगल की आग बुझाते समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**ओटावा।** कनाडा के दक्षिण-पूर्वी प्रांत नोवा स्कोटिया में जंगल की आग से बुझाते समय एक हेलीकॉप्टर शुक्रवार दोपहर एक झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया लेकिन पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। प्रांतीय प्राकृतिक संसाधन विभाग का हवाला देते हुए सीबीसी न्यूज ने कहा कि एनापोलिस काउंटी में आग बुझाने के दौरान हेलीकॉप्टर झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### पश्चिमी रूस में आग लगने से 11 लोगों की मौत, 130 घायल

**मास्को।** पश्चिमी रूस के रियाजान क्षेत्र में एक औद्योगिक कारखाने में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई और 130 अन्य घायल हो गए। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शनिवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि मलबा हटाने के दौरान दो और लोगों के शव मिले। इस मामले में ताजा सूचना मिलने तक 11 लोगों की मौत हो गई और 130 लोग घायल हो गए। मंत्रालय के अनुसार इससे पहले एक व्यक्ति को मलबे से बचाया गया था जिसका पता एयर-मोबाइल समूह ग्रुप ने लगाया था।

# रूस से तेल लेने वाले देशों पर प्रतिबंध नहीं: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस ने एक बड़ा ग्राहक खोया



■ भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वो फिलहाल रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार नहीं कर रहें है। ट्रम्प ने कहा कि मुझे इसके (टैरिफ के) बारे में दो या तीन हफ्ते में सोचना पड़ सकता है, लेकिन हमें इसके बारे में तुरंत सोचने की जरूरत नहीं है। फॉक्स न्यूज के साथ इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि भारत के रूसी तेल व्यापार पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगने से रूस ने एक बड़ा तेल ग्राहक खो दिया है। चीन पर इसी तरह के टैरिफ रूस के लिए विनाशकारी होंगे। अगर मुझे ऐसा करना पड़ा, तो मैं करूंगा, लेकिन शायद मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं होगी।

दरअसल, ट्रम्प ने भारत पर रूस से तेल और हथियार खरीदने के लिए 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था। 27 अगस्त से लागू होगा। इसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो जाएगा। हालांकि, भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है। वही, ट्रम्प-पुतिन ने अलास्का में शुक्रवार (15 अगस्त) देर रात यूक्रेन जंग पर बातचीत की। भारत ने इस कदम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा: दुनिया रूस-यूक्रेन जंग खत्म होते देखना चाहती है। ट्रम्प-पुतिन की बातचीत से पहले अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ब्लूमबर्ग से बात करते हुए उन्होंने कहा था-ये टैरिफ शुक्रवार को अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात के नतीजे पर निर्भर करेगा।

इससे पहले ट्रम्प ने भी 13 अगस्त को चेतावनी दी थी कि अगर मॉस्को शांति समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। एक अलग इंटरव्यू में फॉक्स न्यूज से बात करते हुए स्कॉट बेसेंट ने कहा कि व्यापार को लेकर बातचीत में भारत का कुछ ज्यादा अड़ियल रुख रहा है। इस महीने की शुरुआत में बातचीत तब रुक गई थी, जब ट्रम्प ने भारत के रूस से व्यापार और अन्य मतभेदों पर चर्चा आगे बढ़ाने से मना कर दिया था। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डॉलर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत पर 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था। अब भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस कार्रवाई को गलत बताया है। एकरिपोर्ट के मुताबिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है।

## यूरोपीय संघ के नेताओं ने जेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया: डोनाल्ड टस्क

**ब्रुसेल्स।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने शनिवार को कहा कि यूरोपीय संघ(ईयू) के नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत पर विस्तृत जानकारी दिए जाने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया है। टस्क ने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से दी गई जानकारी और अलास्का बैठक के परिणामों का मूल्यांकन करने वाले यूरोपीय नेताओं के बीच बातचीत समाप्त हो गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर फेडरिक मर्ज़, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ हमने ज़ेलेंस्की की राय सुनी और एक संयुक्त वक्तव्य तैयार किया। पुतिन और ट्रम्प शुक्रवार को अलास्का के एंकोरेज में मिले। दोनों नेताओं के बीच बातचीत तीन-पर-तीन प्रारूप में हुई और दो घंटे 45 मिनट तक चली।

# गुटेरेस पुतिन-ट्रम्प बैठक के सकारात्मक नतीजों के प्रति आशान्वित

■ हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं: स्टीफन

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका के अलास्का में हुए रूस-अमेरिका शिखर सम्मेलन का स्वागत किया है। यह जानकारी गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दी। दुजारिक ने कहा कि हमने अलास्का में शुक्रवार को अमेरिका और रूसी संघ के राष्ट्रपतियों के बीच हुई शिखर वार्ता पर ध्यान दिया है। हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस बात पर ज़ोर दे रहा है कि कोई भी शांति प्रयास या समझौता संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए जिसमें यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गुटेरेस ने यूक्रेन में शांति की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल पूर्ण रूप से बिना शर्त युद्धविराम का अपना आह्वान दोहराया है। प्रवक्ता के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र इस दिशा में सभी सार्थक प्रयासों का समर्थन करता है। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर बैठक अलास्का के एंकोरेज स्थित एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन सैन्य अड्डे पर हुई। यह वार्ता लगभग तीन घंटे तक चली। बैठक में रूसी पक्ष की ओर से रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव तथा अमेरिका की ओर से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने भाग लिया। इस बीच दुजारिक ने कहा हम एक न्यायसंगत, स्थायी और व्यापक शांति स्थापित करने की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल, पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम चाहते हैं जो यूक्रेन की संप्रभुता, उसकी क्षेत्रीय अखंडता और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमा के अंदर यूक्रेन की स्वतंत्रता को बरकरार रखे तथा संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र, अंतर्राष्ट्रीय कानून और सभी प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के अनुरूप हो।

## ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री ने पारिवारिक वीजा रद्द करने पर अमेरिका की आलोचना की

■ इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था

**साओ पाउलो।** ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री एलेक्जेंडर पैडिल्हा ने शुक्रवार को अमेरिकी सरकार द्वारा उनकी पत्नी और 10 वर्षीय बेटी के पर्यटक वीजा रद्द करने के निर्णय को 'कायरतापूर्ण' करार दिया और कहा कि यह उन लोगों को डराने की कोशिश है जो वाशिंगटन के सामने झुकने से इनकार करते हैं।

पैडिल्हा के अनुसार, यह कदम ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर ब्राजील द्वारा लगातार चलाए जा रहे मुकदमे के कारण लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों का हिस्सा है जो तख्तापलट की कोशिश करने के आरोप में नजरबंद हैं। ग्लोबोन्यूज के साथ एक साक्षात्कार में पैडिल्हा ने कहा कि बोल्सोनारो का गुट इस कदम के पीछे है तथा उन्होंने इस सोच का मजाक उड़ाया कि 10 साल का बच्चा अमेरिका के लिए खतरा बन सकता है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था और ब्राजील के सुप्रीम फेडरल कोर्ट पर बोल्सोनारो मामले को छोड़ने के लिए दबाव डाला था।

## अल्जीरिया में बस दुर्घटना में 18 की मौत

**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स के पूर्व में ईएल हर्राच क्षेत्र में शुक्रवार को एक यात्री बस पुल से नदी में गिरने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और अन्य नौ घायल हो गए हैं। अल्जीरिया की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने इस दुर्घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना शाम लगभग 5:45 बजे हुई। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है जबकि मृतकों के शवों को शवगृह में रखा गया है। एजेंसी ने दुर्घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर 25 एम्बुलेंस, 16 गोताखोर और चार नावों को भेजकर बचाव कार्य शुरू किया।

# सीएटल के स्पेस नीडल पर पहली बार तिरंगा फहराया


## वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेरिका के सीएटल शहर में उस समय एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला जब पहली बार प्रतिष्ठित स्पेस नीडल पर भारतीय तिरंगा फहराया गया। वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है।

इस ऐतिहासिक क्षण में सीएटल के मेयर ब्रूस हेरेल, भारत के महावाणिज्य दूत और शहर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया उन्होंने अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम में एक तकनीकी केंद्र के रूप में सीएटल को स्थापित करने में भारतीय अमेरिकी प्रवासियों के योगदान की सराहना की। भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा अलग से एक सामुदायिक स्वागत समारोह का आयोजन सुंदर केरी पार्क में किया गया, जहां से सीएटल के क्षितिज का व्यापक दृश्य दिखाई दे रहा था तथा पृष्ठभूमि में स्पेस नीडल के शीर्ष पर भारत का तिरंगा ध्वज लहरा रहा था, जहां बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य इस ऐतिहासिक दृश्य देखने के लिए उपस्थित थे। केरी पार्क स्वागत समारोह में कई अमेरिकी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए जिनमें अमेरिकी कांग्रेस सदस्य एडम स्मिथ, वाशिंगटन सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश माननीय डेबरा एल- स्टीफंस, सिएटल पोर्ट कमिश्नर सैम चो और सीएटल पार्क एवं मनोरंजन के अधीक्षक/निदेशक एपी डियाज़ शामिल हैं। स्मिथ ने ऐतिहासिक समारोह का स्वागत किया और कहा कि स्पेस नीडल के ऊपर फहराया गया भारतीय तिरंगा इस क्षेत्र की विविधता और भारत तथा प्रशांत उत्तर-पश्चिम के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत, भारतीय कला रूपों को प्रदर्शित करने वाली सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति और प्रसिद्ध कलाकार और अभिनेता पीयूष मिश्रा द्वारा काव्य पाठ शामिल रहा। सीएटल, स्पोकेन, टैकोमा और बेलेव्यू सहित किंग काउंटी ने 15 अगस्त को भारत दिवस घोषित किया। ल्यूमेन स्टेडियम, टी-मोबाइल स्टेडियम, वेस्टिन, सीएटल ग्रेट व्हील और स्पेस नीडल सहित कई प्रतिष्ठित इमारतें तिरंगे के रंगों में रोशन हुईं। टैकोमा डोम, टैकोमा सिटी हॉल और टैकोमा पुलिस व अग्निशमन विभाग के मुख्यालयों पर भी तिरंगा फहराया गया। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2023 में सीएटल में भारत के छठे वाणिज्य दूतावास के खुलने के बाद से भारत और इस क्षेत्र के बीच संबंध और गहरे हुए हैं।

# द.कोरिया के विदेश मंत्री के साथ सार्थक बातचीत: जयशंकर

## दोनों देशों में हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ



■ हमने विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ अपनी वार्ता को सार्थक बताते हुए कहा है कि इससे द्विपक्षीय सहयोग मजबूत बनेंगे। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर हैं और उन्होंने शनिवार को यहां डॉ. जयशंकर के साथ वार्ता की।

दोनों नेताओं के बीच बैठक के बाद डा. जयशंकर ने कहा कि कोरियाई विदेश मंत्री के साथ उनकी बातचीत सार्थक रही। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज सुबह दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून से मिलकर प्रसन्नता हुई। व्यापार, विनिर्माण, समुद्री क्षेत्र और लोगों के बीच आदान-प्रदान के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में नए अवसरों पर हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर उपयोगी चर्चा हुई। हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमने विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की। वार्ता शुरू होने से पहले डा. जयशंकर ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि दक्षिण कोरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ पर भारत दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ बनाने तथा इन्हें नई ऊंचाई पर ले जाने का इच्छुक है। विदेश मंत्री चो का स्वागत और उन्हें कोरिया का विदेश मंत्री चुने जाने पर बधाई देते हुए डा. जयशंकर ने कहा कि अपने पुराने मित्र का नए सहयोगी के रूप में स्वागत करते हुए उन्हें प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरिया के राष्ट्रीय दिवस और भारत के स्वतंत्रता दिवस के ठीक एक दिन बाद उनका भारत यात्रा पर आना दोनों देशों के बीच रिश्तों के महत्व को दर्शाता है। डा. जयशंकर ने कोरिया के राष्ट्रीय मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं देते हुए का कहा कि यह यात्रा कई मायनों में बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर हो रही है-यह हमारी विशेष रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ है, और मुझे कनाडा के कनानसकिस में आपके राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री के साथ रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वैसे यह एक बहुत ही अच्छी मुलाकात थी और मैं आपको बताना चाहूंगा कि उनके बीच बहुत गहरा रिश्ता था।

# दक्षिण कोरिया में सैनिकों की संख्या में छह वर्षों में आई 20 प्रतिशत की कमी

## जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा, तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है

**सोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सेना में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की कमी आने से कुल संख्या 450000 रह गई है, जिसका मुख्य कारण विश्व में सबसे कम जन्म दर वाले देश में अनिवार्य सेवा के लिए भर्ती होने की आयु वाले पुरुषों की जनसंख्या में भारी गिरावट और पुरुषों का सेना के प्रति रूझान में कमी आना है।

दक्षिण कोरिया की जन्म दर पिछले एक दशक में काफी गिरी है जिससे क्षेत्रीय खतरों और वैश्विक संघर्षों के बीच सेना के लिए परेशानी पैदा हो गई हैं। सीएनएन की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। इस बीच रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में इस गिरावट के लिए 'जटिल कारकों' को ज़िम्मेदार ठहराया गया है जिनमें जनसंख्या में गिरावट और सेना में 'सैनिकों जैसा कठोर व्यवहार' होने के कारण पुरूषों में सैन्य अधिकारी बनने की इच्छा में आई कमी भी शामिल है। हालांकि रिपोर्ट में इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2019 के 563000 की तुलना में इस वर्ष जुलाई तक सैनिकों की कुल संख्या 450000 रह गई है। पिछले सप्ताह सांसद चू मी-ए द्वारा साझा की गई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि अगर स्थाई सेना (सदस्यों) की संख्या में गिरावट जारी रही तो उच्च-स्तरीय जनशक्ति हासिल करना और परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है यह खबर पश्चिमी देशों के प्रमुख सहयोगी दक्षिण कोरिया के लिए उस बुरे समय में आई है जबकि उसके यहां बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक तैनात हैं और उसकी अमेरिका के साथ पारस्परिक रक्षा संधि भी है।

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 August
Happy Independence Day

JAMIA TIBBIYA DEOBAND
Recognized by NCISM, New Delhi, Affiliated to Mahayogi Guru GorakhnathAyush University, Gorakhpur, U.P.
NABH Accredited
Awarded Grade 'A'by Quality Council of India
ADMISSION OPEN 2025-26
Courses Offered B.U.M.S. (Bachelor of Unani Medicine and Surgery)
Duration 5½ Year (01 Year Rotatory Internship)
Counselling code for BUMS - U003
Neet 2025-26
Cut off Score - Gen-144, OBC-113

JAMIA COLLEGE OF PHARMACY
G.T. Road, Deoband
Approved by PCI New Delhi, Affiliated to AKTU Lucknow &BTEUP Lucknow
Counselling code for D.Pharm- 1317, B.Pharm-1269
Courses Offered
B Pharm
Bachelor of Pharmacy (4 Year)
Required Qualification- 12th PCB or PCM
Minimum 50% Marks
D Pharm
Diploma in Pharmacy (2 Year)
Required Qualification- 12th PCB or PCM
Admission Criteria - JEECUP 2025

JAMIA PARAMEDICAL COLLEGE
G.T. Road, Deoband
Approved & Affiliated to Board of Ayurvedic & Unani Tibbi Systems of Medicine, Lucknow, U.P
Courses Offered
DIPLOMA IN NURSING (AYURVEDA)
(3Year 09 Month) (9 month Maternity Training)
Required Qualification- 12th
DIPLOMA IN PHARMACIST (AYURVEDA)
(2 Year 03 Month) (3 month Internship)
Required Qualification- 12th P.C.B or P.C.M.
Key Features
Well Equipped Labs
Best Infrastructure
Qualified & Well Trained Faculty
Facilities
Hostel For Boys/Girls
Cafeteria
Transport for Girls
Ragging Free Campus
Contact us -
9897869424
8279730724
9897842060
9359210059
Helpline - 1800-102-2318
G.T. Road, Deoband, District Saharanpur, Uttar Pradesh - 247554
Email - info@jamiatibbiya.com, jcpdeoband@gmail.com
Web - www.jamiatibbiya.com, www.jcpdeoband.com

इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज, देवबन्द
की ओर से सभी देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं।
15 AUGUST INDEPENDENCE DAY
ADMISSION OPEN 2025-26
MCA MBA BA
BCA BBA B.Ed
LL.B BA.LL.B D.El.Ed (B.T.C)
Mob.: +91-8755525452, 9045143298
Address: Near Indira Park, Deoband Distt. Saharanpur 247554

SARVODYA GYAN PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE DELHI 10+2 (SR. SECONDARY)
HAPPY Independence DAY
RUPESH KUMAR SAINI
PRINCIPAL
SAINI SARAY, SAHARANPUR ROAD, DEOBAND (SRE)

MAPLES ACADEMY
A Truly Unique Educational Pathway
ADMISSIONS OPEN
The Vision of School
"To provide such education which will make country The Vishwaguru in 21st century"
15th AUGUST
Happy Independence Day
Contact : 9690007093, 94, 95, 97, 99 Muzaffarnagar Road, Deoband

NAWAZ GIRLS' PUBLIC SCHOOL, DEOBAND
Our Achievers
99.2%
98.6%
Happy Independence Day

इस्लामिया इण्टर कॉलेज, देवबन्द
सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
रिजवानुलहक एडवोकेट प्रबंधक
अरशद जमा प्रधानाचार्य

79th CELEBRATING INDEPENDENCE DAY 2025
दून वैली परिवार
की ओर से 79 वें
स्वतंत्रता दिवस
INDEPENDENCE DAY
की
हार्दिक शुभकामनाएं
DOON VALLEY PUBLIC SCHOOL

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
DOON HILLS ACADEMY
(Sr. Secondary Affiliated to C.B.S.E. New Delhi)
Pre-Nursery To Class IX & XI
Moving From Darkness Towards the Light to Knowledge
DOON HILLS INSTITUTE OF MANAGEMENT AND TECHNOLOGY
Affiliated To Maa Shakumbhari University, Saharanpur
B.A. & B.Sc.
Dr. Pradeep Verma Chairman
Tanuraj Verma Director
Muzaffarnagar Road, Deoband-247554, Saharanpur

मुस्लिम फण्ड ट्रस्ट देवबन्द
की ओर से
स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गत 64 वर्षो से जनता की आर्थिक स्थिति को सुधारने चिकित्सीय सेवा, लड़कियों की शिक्षा, तकनीकि शिक्षा
एवं
अन्य सामाजिक सेवाओं में संलग्न
मो0 अनस सिद्दीकी सचिव मुस्लिम फण्ड ट्रस्ट देवबन्द
सुहेल सिद्दीकी प्रबन्धक मुस्लिम फण्ड ट्रस्ट देवबन्द

BENISON SCHOOL
HAPPY INDEPENDENCE DAY
Shaista Choudhary
Nadeem Choudhary (Manager)
Shrikant Sharma (Principal)
Behind Govt. Girls College, Inderpur Road, Deoband

सभी अहले वतन को
15 स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कारी आमिर उस्मानी
अध्यक्ष
जामिया तुल कुदसियसात शिक्षा समिति
मोहल्ला गुर्जरवाड़ा देवबन्द

श्री रामकृष्ण योगाश्रम इण्टर कॉलेज, देवबन्द
सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
अरुण कुमार गोयल प्रधानाचार्य
साध्वी मगिनी आशु प्रबंधक

के.एल.जनता इण्टर कॉलेज
इंडस्ट्रीयल स्टेट, रेलवे रोड, देवबन्द (सहारनपुर)
सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
दीपक राज सिंघल (प्रबंधक)
राजकुमार (प्रधानाचार्य)